Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 62 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शनिवार 17 अगस्त 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



हमें उस ज्ञान को प्राप्त करना चाहिये जो हम राग,द्वेष, मोह, लोभ से दूर करता है।

We Should gain that knowledge which keeps us away from attachment, aversion, aelusion and greed.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प लेकर आगे बढ़ रही हमारी सरकार : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय




**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने के संकल्प में छत्तीसगढ़ प्रभावी भूमिका अदा कर रहा है। हमारी सरकार विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को लेकर राज्य के चहुंमुखी विकास के लिए नई-नई योजनाएं तैयार कर रही है। उन्होंने राज्य की जनता को 78वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों के कठिन संघर्ष और बलिदान से हमें आजादी मिली है। आजादी के लिए हमारे पुरखों ने अंग्रेजी साम्राज्यवाद के विरूद्ध लंबा संघर्ष किया। उनके बलिदान और संघर्षों के फलस्वरूप मिली आजादी को हमें अक्षुण बनाए रखना है। लोकतांत्रिक ताकतों को मजबूत बनाना है। मुख्यमंत्री श्री साय गुरुवार को राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउण्ड में स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में ध्वजारोहण के बाद प्रदेशवासियों को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महात्मा गांधी के नेतृत्व में पूरे देश के स्वाधीनता सेनानियों के साथ ही छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने भारत माता की परतंत्रता की बेड़ियों को तोड़ने के लिए जो अनथक मेहनत की, उसके सुखद परिणाम स्वरूप आज हम स्वतंत्र वातावरण में साँस ले रहे हैं। देश के अन्य हिस्सों की तरह छत्तीसगढ़ में शहीद गेंद सिंह, शहीद धुरवा राव, शहीद यादव राव, शहीद वेंकट राव, वीर गुंडाधुर, शहीद डेबरी धुर, शहीद आयतु माहरा, शहीद वीर नारायण सिंह जैसे हमारे अनेक ऐतिहासिक नायकों ने अंग्रेजी हुकूमत को उखाड़ फेकने के लिए अदम्य साहस का परिचय देते हुए जनमानस में स्वाधीनता की अलख जगायी। आज जिस स्वतंत्रता का उपभोग कर रहे हैं, वह हमारे पुरखों के बलिदान का प्रतिफल है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर का संविधान आज लोकतंत्र को आगे बढ़ने की राह दिखा रहा है। यह हमारे लिए एक प्रकाश स्तंभ है। बरसों पहले बाबा गुरु घासीदास जी ने समता मूलक समाज का आदर्श हम सबके सामने रखा था, जो बाबा साहेब द्वारा निर्मित संविधान में फलीभूत हुआ। उनके संविधान में कबीर की वाणी का सार भी है, जो भारत के नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ-साथ समानता प्रदान करती है।

- 78वें स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर के पुलिस परेड ग्राउण्ड में ध्वजारोहण कर प्रदेशवासियों को किया सम्बोधित
- पुरखों के कठिन संघर्ष और बलिदान से मिली आजादी
- अन्नदाताओं के खाते में धान खरीदी और बकाया बोनस मिलाकर 49 हजार करोड़ रूपए की राशि अंतरित
- महतारी वंदन योजना से प्रदेश में महिलाएं हो रहीं सशक्त
- तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक में वृद्धि से संग्राहकों को हो रहा लाभ
- स्कूलों की अधोसंरचना बेहतर बनाने पीएमश्री योजना के तहत 211 स्कूलों को बनाया जा रहा मॉडल
- छत्तीसगढ़ के 77 लाख परिवारों को 5 लाख रूपए तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का मिल रहा लाभ
- मुख्यमंत्री ने कहा- राज्य के 68 लाख परिवारों को मिल रहा है निःशुल्क राशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में भरोसे का संकट सबसे बड़ा संकट होता है। यह तंत्र निश्चित ही जनता का अपने प्रतिनिधियों पर भरोसा कायम रखने से ही चलता है। छत्तीसगढ़ सरकार की बागडोर संभालने के बाद हमारी सबसे बड़ी चुनौती इसी भरोसे को बहाल करने की थी। हमें यह कहते हुए संतोष हो रहा है कि हमारी सरकार ने आपसे किये अधिकांश वायदों को पूरा कर विश्वास को फिर से स्थापित किया है। हमारे संविधान निर्माताओं का सपना ऐसे ही मजबूत लोकतंत्र का था, जहां जनता और उसकी चुनी हुई सरकार भरोसे की ऐसी ही मजबूत डोर में बंधी रहे। वास्तव में यह लोकतंत्र का मजबूत रक्षासूत्र है, जिसे कभी भी किसी भी लोकसेवक को कमजोर नहीं करना चाहिए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि हमारे राज्य निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्वर्गीय अटल जी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण प्रदेश के व्यापक आर्थिक विकास एवं प्रदेश की सुंदर संस्कृति के संरक्षण के लिए किया। हमारा दायित्व है कि 'हमने ही बनाया है, हम ही संवारेंगे' के संकल्प के साथ प्रदेश के नवनिर्माण में पूरी लगन से जुट कर अटल जी का सपना साकार करें। विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देकर हम पूर्वजों की इस परंपरा को आगे बढ़ाने का यश हासिल कर सकते हैं, यही हमारा कर्तव्य भी है। आज के दिन हम उन पूर्वजों के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं जिन्होंने आपातकाल के कठिन दौर में संविधान की मशाल को बुझने नहीं दिया। देश भर में हजारों लोकतंत्र सेनानियों ने इमरजेंसी का विरोध किया और इसके प्रतिरोध में जेल की सजा और अन्य यातनाएँ भुगतीं। अगले वर्ष 25 जून को इमरजेंसी के पचास बरस पूरे हो जाएंगे। इस वर्ष ''आपातकाल स्मृति दिवस'' के अवसर पर 25 जून के दिन हमें अपने प्रदेश के लोकतंत्र सेनानियों का आशीर्वाद मिला है। मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता हो रही है कि अपने लोकतंत्र सेनानियों के प्रति कृतज्ञता-ज्ञापित करने हेतु पिछले पांच वर्षों से रुकी उनकी सम्मान निधि हमारी सरकार द्वारा पुनः प्रारंभ की गई है। आज के दिन हम अपने उन जवानों के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, जो हमारे प्रदेश में लोकतंत्र विरोधी, नक्सलवादी आतंक से पूरे साहस और जज्बे के साथ मुकाबला कर रहे हैं। बीते आठ महीनों में हमारे जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए 146 नक्सलियों को मार गिराया है। इस दौरान हमने 32 नये सुरक्षा कैंप खोले हैं और आने वाले दिनों में 29 नये कैंप शुरू करने जा रहे हैं।

## पेरिस ओलंपिक टर्निंग पॉइंट, अब हमारा भविष्य शानदार : पीएम मोदी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पेरिस ओलंपिक भारतीय खेलों के लिए एक लॉन्च पैड के रूप में काम करेगा और यह हमारा टर्निंग पॉइंट साबित होगा। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर अपने आवास पर भारतीय पेरिस ओलंपिक दल के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही। पीएम मोदी ने पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों से मुलाकात की। इससे पहले पीएम मोदी ने इन सभी को लाल किले पर हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह में आमंत्रित किया था और इसके बाद पीएम हाउस में उन्हें होस्ट किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय खिलाड़ियों से बातचीत की और ओलंपिक में उनके अनुभव को जाना। प्रधानमंत्री ने कहा कि पेरिस ओलंपिक देश के लिए महत्वपूर्ण था क्योंकि कई मौके और रिकॉर्ड ऐसे थे, जो भारत के ओलंपिक के इतिहास में पहली बार बने।



## विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान

### जम्मू कश्मीर में 18 सितंबर से 3 चरण में मतदान, हरियाणा में 1 अक्टूबर को वोटिंग, 4 अक्टूबर को नतीजे



**दिल्ली (विश्व परिवार)।** जम्मू कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं. आखिरी बार जम्मू कश्मीर में 2014 में चुनाव हुए थे. दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने 30 सितंबर 2024 तक जम्मू कश्मीर में चुनाव कराने का आदेश दिया था. जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद ये पहला विधानसभा चुनाव होगा. जम्मू कश्मीर से पांच अगस्त 2019 को आर्टिकल 370 हटा दिया गया था।

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा की कुल सीटें 114 लेकिन चुनाव होंगे केवल 90 पर, जानें क्या है वज : मई 2022 में जम्मू-कश्मीर में परिसीमन के बाद अब विधानसभा सीटों की संख्या 90 हो गई है। जम्मू में विधानसभा की 43 और कश्मीर घाटी में 47 सीटें हैं। इससे पहले 2014 में विधानसभा की 87 सीटों पर चुनाव हुए थे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि कश्मीर की 3 लोकसभा सीटों में 2019 में 19.19त्न मतदान हुआ जोकि 2024 में 51.09त्न रहा। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर विधानसभा में कुल 90 सीटें हैं जिनके लिए 87.09 लाख वोटर अपने नुमाइंदों का चुनाव करेंगे। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में कुल 11838 पोलिंग बूथ होंगे और हर बूथ पर औसतन 735 वोटर होंगे

### जम्मू कश्मीर की अवाम तस्वीर बदलना चाहती है : मुख्य चुनाव आयुक्त

चुनाव आयोग आज मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि जम्मू कश्मीर की अवाम तस्वीर बदलना चाहती है. चुनाव के लिए हर किसी में उत्सुकता है. टीम ने जम्मू कश्मीर और हरियाणा का दौरा भी किया था. हम मौसम ठीक होने के इंतजार में थे.

### जम्मू-कश्मीर में 90 सीटों पर होंगे विधानसभा चुनाव

जम्मू-कश्मीर में अब विधानसभा सीटों की संख्या बढ़कर 90 हो गई है. जम्मू में अब 43 तो कश्मीर में 47 सीटें होंगी. पीओके के लिए 24 सीटें ही रिजर्व हैं. यहां चुनाव नहीं कराए जा सकते. जबकि लद्दाख में विधानसभा ही नहीं है. इस तरह से कुल 114 सीटें हैं, जिनमें से 90 पर चुनाव कराए जाएंगे. जम्मू रीजन में सांबा, कठुआ, राजौरी, किश्तवाड़, डोडा और उधमपुर में एक-एक सीट बढ़ाई गई है. वहीं, कश्मीर रीजन में कुपवाड़ा जिले में एक सीट बढ़ाई गई।

-कमल नयन नारंग

## एनएमडीसी ने मनाया भारत का 78वां स्वतंत्रता दिवस

### राष्ट्र-निर्माण और आत्मनिर्भर भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को किया सुदृढ़

**हैदराबाद (विश्व परिवार)।** देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक और नवरत्नखनन कंपनी एनएमडीसी ने 78वां स्वतंत्रता दिवस पूर्ण उत्साह के साथ मनाया। हैदराबाद स्थित कंपनी के मुख्यालय और इसके सभी परियोजना स्थलों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

श्री अमिताभ मुखर्जी (सीएमडी, अतिरिक्त प्रभार, एनएमडीसी) ने हैदराबाद में एनएमडीसी के कार्पोरेट कार्यालय में तिरंगा फहराया। इस अवसर पर श्री विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी) एवं (कार्मिक)-अतिरिक्त प्रभार; श्री बी. विश्वनाथ, मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री जैलाबुद्दीन, मुख्यालय में वरिष्ठतम कर्मचारी, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित थे।



मुख्यालय, हैदराबाद में सभा को संबोधित करते हुए श्री मुखर्जी ने कहा कि एनएमडीसी के लिए यह गौरव की बात है कि यह राष्ट्र की आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति और सेवा प्रदान करने का उत्तरदायित्व निभा रहा है, जो कि भारत की प्रगति के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारे दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है कि एनएमडीसी45 मिलियन टन के आँकड़े को पार करनेवाली देश की पहली कंपनी बन गई है। इस दृढ़ संकल्प के साथ हम अगले पाँच वर्षों में वह सब हासिल करने के लिए तैयार हैं जो कि हमने पिछले छह दशकों में हासिल किया है, जिससे हमारा उत्पादन 50 मिलियन टन से बढ़कर 100 मिलियन टन हो जाएगा। पहली तिमाही की हमारेमजबूद वित्तीय परिणाम और उपलब्धियाँ, जिसमें एनएमडीसी स्टील प्लांट में 1 मिलियन टन लिक्विड स्टील और 1.5 मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन भी शामिल है, हमारे द्वारा भारत के लिए निर्मित आधुनिक चमत्कार का प्रमाण है।

एनएमडीसी जिम्मेदार खनन और सुस्थिरता के लिए समर्पित है। इसके अतिरिक्त, रविवार, 11 अगस्त को हैदराबाद स्थित स्टेट आर्ट गैलरी में आयोजित एनएमडीसी-हिंदू शतरंज टूर्नामेंट के तृतीय संस्करण के विजेताओं को आज सीएमडी महोदय द्वारा सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में 110 विद्यालयों के लगभग 600 छात्रों ने भाग लिया था। सीएमडी, निदेशक तकनीकी, मुख्य सतर्कता अधिकारी और मिनरल ईव्स क्लब की अध्यक्षा एवं पदाधिकारियों ने कर्मचारियों व सहयोगियों के लिए आयोजित आंतरिक खेल प्रतियोंगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

## 16 से 22 अगस्त तक दिव्य कला मेले का आयोजन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार नेशनल दिव्यांगजन फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनडीएफडीसी) के द्वारा छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित शंकर नगर बीटीआई ग्राउंड में पहला दिव्य कला मेला आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 16 अगस्त से 22 अगस्त 2024 तक आयोजित किया गया है। इस मेले का उद्घाटन सीएम विष्णुदेव साय द्वारा किया जाएगा। आपको बता दे की यह दिव्यांगजनों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) की अनूठी पहल है। दिव्य कला मेला दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) के उत्पादों और कौशल के विपणन एवं प्रदर्शन के लिए एक बड़ा मंच प्रस्तुत करता है। दिव्यांगजन फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन नवीन शाह ने बताया की मेले के समपन्न समारोह में प्रतिष्ठित सांस्कृतिक कार्यक्रम 'दिव्य कला शक्ति' में उपरोक्त छह राज्यों के दिव्यांगजन कलाकारों द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा।

## इसरो ने की एसएसएलवी-डी3 रॉकेट की सफल लॉन्चिंग, देश को मिला नया ऑपरेशनल रॉकेट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** इसरो को 16 अगस्त की सुबह 9ः17 बजे ऐतिहासिक सफलता मिली है। धरती की निगरानी के लिए ईओएस-8 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से शुक्रवार सुबह सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। इस रॉकेट के अंदर नया अर्थ ऑब्जरवेशन सैटेलाइट ईओएस-8 लॉन्च किया गया है। एक छोटा सैटेलाइट एसआर-0 डीमोसट भी पैसेंजर सैटेलाइट भी रॉकेट से साथ भेजा गया है। दोनों सैटेलाइट्स धरती से 475 किमी की ऊंचाई पर एक गोलाकार ऑर्बिट में चक्कर लगाएंगे। एसएसएलवी-डी3-ईओएस-08 मिशन में ले जाए गए उपग्रहों का वजन 175.5 किलोग्राम है। ईओएस-08 मिशन के उद्देश्यों में माइक्रोसेटेलाइट को डिजाइन और विकसित करना शामिल है। ईओएस-08 में तीन पेलोड लगे हैं।इनमें इलेक्ट्रो आप्टिकल इन्फ्रारेड पेलोड (ईओआइआर), ग्लोबल नेविगेशन सेटेलाइट सिस्टम-रिफ्लेक्टोमेट्री पेलोड (जीएनएसएस-आर) और सीआइसी यूवी डोसीमीटर शामिल हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन: रायपुर कॉन्वेंट गुढ़ियारी स्कूल में बारिश के बावजूद छात्रों ने दिखाया अदम्य साहस



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर कॉन्वेंट गुढ़ियारी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर भव्य आयोजन किया गया। सुबह से बारिश हो रही थी, छात्रों का हौसला और जज़्बा बिलकुल नहीं डगमगाया। सभी छात्रों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें देशभक्ति गीतों और नृत्य का विशेष स्थान रहा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राजेन्द्र जैन भारतीय जनता पार्टी के अकाउंटेंट, डॉ. मलिक, कमल कसार, आदित्य कसार, और प्रिंसिपल श्वेता वासनिक प्रिंसिपल रानी शर्मा उपस्थित थे। इन गणमान्य अतिथियों ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर रायपुर कॉन्वेंट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुढ़ियारी 10 वी एवं 12 वी छात्र छात्राए जिन्है 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुआ है एवं कसार समाज़ के 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त छात्र छत्राओ को स्वर्गीय जया कसार को स्मृति मैं ट्रॉफ़ी प्रदान की गई। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने मिलकर देश की आजादी का जश्न मनाया और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर स्कूल के प्रांगण में देशभक्ति की भावना और जोश स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

### संभागायुक्त ने किया कमिश्नर कार्यालय में ध्वजारोहण

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** संभागायुक्त कार्यालय में कमिश्नर श्री महादेव कावरे ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। संभागायुक्त ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को आजादी के इस पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि हमें अंग्रेजों की गुलामी से स्वाधीनता बहुत संघर्षों और बलिदानों के बाद मिली है। आजादी किसी देश के मूलभूत विकास के लिए सबसे जरूरी है। अपना देश-अपने लोग-अपनी सरकार और अपने निर्णय ही आजादी के मूलभूत मायने हैं। संभागायुक्त ने कहा कि शहीदों ने अपने प्राणों की आहूति देकर देश को आजाद करा कर विकास के जिस सपने कों संजोया था, उसे पूरा करना हम सब भारतवासियों की जिम्मेदारी है।

## आंजनेय विश्वविद्यालय में पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे ने किया ध्वजारोहण




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आंजनेय विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि आज हम जिस आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं, वह हमारे वीर सपूतों की कुर्बानियों का परिणाम है। इस दिन को हम उन्हीं की बदौलत उत्सव के रूप में मना पा रहे हैं। डॉ. दुबे ने शहीद भगत सिंह का एक प्रेरक प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि जब भगत सिंह को फांसी दी जाने वाली थी, तब उनकी माता से पूछा गया कि आप क्यों रो रही हैं। इस पर उन्होंने कहा कि मैं इसलिए रो रही हूं क्योंकि मैंने देश के लिए सिर्फ एक ही पुत्र को जन्म दिया। साथ ही कविताओं के माध्यम से देशभक्ति की भावना को जागृत किया।

इस अवसर पर आंजनेय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री अभिषेक अग्रवाल ने अपने संबोधन में सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हम 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। इस स्वतंत्रता के महत्व को नई पीढ़ी को समझाना हमारे लिए बहुत जरूरी है। चूंकि हम सभी शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं इसलिए हमारा दायित्व और भी बढ़ जाता है। हम सबको मिलकर देश की उन्नति के लिए प्रयास करना है और भारत को फिर से पूरे विश्व में 'विश्वगुरु' की पहचान दिलाने का संकल्प पूरा करना है।

कार्यक्रम में एसबीए सोसाइटी के चेयरमैन श्री राजेश अग्रवाल भी उपस्थित थे। उन्होंने इस पावन अवसर पर सभी शिक्षकों से आग्रह किया कि वे शिक्षा के माध्यम से समाज की उन्नति को निरंतर आगे बढ़ाने का प्रयास करें। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी. रामाराव ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। साथ ही, उन्होंने स्वतंत्रता के बाद से अब तक देश द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों पर अपने विचार साझा किए जिसमें सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, शैक्षिक और अंतरिक्ष के क्षेत्र में हुई महत्वपूर्ण प्रगति शामिल थी। कार्यक्रम के अंत में शिक्षा संकाय की संकायाध्यक्ष प्रो. निधि शुक्ला ने आभार प्रदर्शन दिया। कार्यक्रम में एसबीए सोसाइटी के डायरेक्टर श्री जितेंद्र नाहर, विश्वविद्यालय के डायरेक्टर जनरल डॉ. बी. सी. जैन, विभिन्न संकायों की संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## चक्रधरपुर मंडल में तीन सेक्शनों में मेगा ब्लॉक को लेकर आवश्यक कार्य, कुछ गाडियों का परिचालन रहेगा प्रभावित




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत धुतरा-राउरकेला डाउन लाइन सेक्शन में प्रति शनिवार, राजखरसावां जंक्शन-डांगोवापोसी प्रति रविवार तथा चक्रधरपुर-राउरकेला अप लाइन सेक्शन में प्रति बुधवार को मेगा ब्लॉक लेकर कुछ आवश्यक कार्य किया जाएगा। इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जिसका विवरण इस प्रकार है-

**रदद होने वाली गाडियां**- दिनांक 24 एवं 31 अगस्त, 07, 14, 21 एवं 28 सितम्बर, 2024 को टाटानगर व नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी)-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 17, 24 एवं 31 अगस्त, 07, 14, 21 एवं 28 सितम्बर, 2024 को टाटानगर व बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18113 /18114 टाटानगर-बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

## छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि तथा केन्द्रीय पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के बीच हुआ एमओयू



**भिलाई ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ में तकनीकी शिक्षा और उद्योगों के बीच तालमेल को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (CSVTU) ने केन्द्रीय पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (CIPET) रायपुर के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के तत्वाधान मे सी .एस् . वी टी यू के माननीय कुलपति डॉ .एम के .वर्मा जी की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ। एमओयू पर CIPET रायपुर की ओर से डायरेक्टर डॉ आलोक कुमार साहू एवं CSVTU की ओर से रजिस्ट्रार डॉ अंकित अरोरा ने हस्ताक्षर किए द्य

(एमओयू) समझौते का उद्देश्य

इस समझौते का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आधुनिक प्रौद्योगिकियों के माध्यम से कौशल विकास और उद्यमिता के क्षेत्र में सशक्त बनाना है साथ ही पेट्रोकेमिकल्स, प्लास्टिक, पॉलिमर, केमिकल इंजीनियरिंग, प के अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास के महत्व को पहचानना। इस एमओयू के द्वारा पहली बात प्रदेश में नवाचार, उद्यमिता और आजीविका सृजन को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप्स के को-इन्क्यबेशन की सुविधा को शामिल किया गया है, जिसके माध्यम से एक स्टार्टअप दोनों संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठा सकेगा।

छात्रों के लिए ये होंगे विशेष लाभ

शोध और विकास के अवसर: इस साझेदारी के माध्यम से छात्रों को शोध और विकास के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान किए जाएंगे। CSVTU और CIPET के संयुक्त प्रयासों से छात्रों को अपने प्रोजेक्ट्स को आगे बढ़ाने और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का मौका मिलेगा। इससे छात्रों को न केवल उनके तकनीकी कौशल में वृद्धि होगी बल्कि उन्हें नए-नए प्रोजेक्ट्स के साथ उद्यमिता के क्षेत्र में प्रवेश करने का भी अवसर मिलेगा।

पेट्रोकेमिकल एवं प्लास्टिक्स टेक्नॉलजी का प्रशिक्षण एवं तकनीकी ज्ञान : विशेषज्ञों द्वारा छात्रों को प्लास्टिक टेक्नॉलजी और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उन्नत प्रशिक्षण की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। संयुक्त रूप मे दोनों ही संस्थान एक दूसरे के विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स एवं शोध कार्यों मे सहयोग करेंगे। इको फ़्रेंडली प्लास्टिक उत्पादों और कम लागत के पैकेजिंग विकल्पों का डिजाइन, विकास और विनिर्माण मे सहयोग किया जायगा

## कार्यालय संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना, नवा रायपुर
प्रथम एवं पंचम तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर-27, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
फोन नं.-0771-4016094 E-mail ID:- 1em_zone2@yahoo.com 2 eo_zone3cghb@yahoo.com

### // आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाये गये आबंटियों को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित भू-खण्ड भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें । निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

| क्र | आबंटी का नाम | पिता/पति का नाम | आयु | कॉलोनी का नाम | भू-खण्ड/भवन क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | श्री ईश्वर मिश्रा | श्री प्रवाकर मिश्रा | 52 | सेक्टर-27, नवा रायपुर अटल नगर | एफ1ए-14/206 |
| 2. | श्रीमती धनलक्ष्मी देवांगन एवं श्री लक्ष्मण कुमार देवांगन | श्री लक्ष्मण कुमार देवांगन श्री महेन्द्र कुमार देवांगन | 49/54 | --तदैव -- | एफ1बी-02/402 |
| 3. | श्रीमती व्ही विजय लक्ष्मी | श्री व्ही. व्ही श्रीधर | 52 | --तदैव -- | एफ1बी-04/502 |
| 4. | श्रीमती दीपा राठौर | श्री राजेन्द्र राठौर | 34 | --तदैव -- | एफ1सी-09/505 |
| 5. | श्री शशांक गुप्ता | श्री रमेश गुप्ता | 42 | --तदैव -- | एफ2बी-29/106 |
| 6. | श्री सम्भु नाथ सिंह | श्री बुद्ध नाथ सिंह | 63 | --तदैव -- | एफ2बी-32/503 |
| 7. | श्री जगदीशन शेखर | श्री जे. शेखर | 42 | --तदैव -- | पी3सी-136 |

**संपदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना
नवा रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर

## श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में भव्यता और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया 78वां स्वतंत्रता दिवस




### प्रभात फेरी, ध्वजारोहण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने स्वतंत्रता दिवस को बनाया अविस्मरणीय

### विशिष्ट अतिथियों के संस्मरण और उद्बोधन ने विद्यार्थियों को किया प्रेरित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** यूनिवर्सिटी परिसर में 78वां स्वतंत्रता दिवस धूम-धाम पूर्वक मनाया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अपनी देशभक्ति की भावना को प्रदर्शित किया। प्रभात फेरी के माध्यम से छात्रों ने अपने अनुशासन और एकता का प्रदर्शन किया, तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि द्वारा ध्वजारोहण समारोह गर्व का क्षण बना और राष्ट्रगान की गूंज के बीच राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

परम्परानुरूप दीप प्रज्ज्वलन के साथ समारोह का शुभारम्भ हुआ। यूनिवर्सिटी के प्रति-कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम और कुलपति प्रो.एस.के.सिंह ने मंचासीन मुख्य अतिथि माननीय सेवानिवृत्त मुख्य न्यायमूर्ति श्री अनिल शुक्ला और विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त आई.ए.एस डॉ. संजय अलंग का पुष्पगुच्छ से स्वागत कर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को सम्बोधित किया।विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय अलंग ने सभागार में उपस्थित सभी के मुस्कुराते चेहरों को स्वतंत्रता की अनुभूति दिलाते हुए कहा कि युवा उच्च शिक्षा प्राप्त करके देश की जी.डी.पी में अपना योगदान देकर भी अपनी देशभक्ति सिद्ध कर सकते हैं। शिक्षा से प्राप्त ज्ञान को कौशल में और कौशल को दक्षता में परिवर्तन करने के लिए निरंतर अभ्यास करना आवश्यक है।

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति श्री अनिल शुक्ला ने युवाओं के साथ अपना विचार स्व-रचित कविताओं के माध्यम से साझा किया और प्रेरक किस्से साझा किए। छात्रों से स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों को बनाए रखने का आग्रह किया। यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. सौरभ शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी अतिथियों को कार्यक्रम में सम्मिलित होने और अपने बहुमूल्य विचार साझा करने के लिए यूनिवर्सिटी परिवार की ओर से हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की।

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,

सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजना, सेजबहार/दतरेंगा, रायपुर में स्थित भवन क्र. **एल.आई.जी.-137, श्री पवन कुमार बघेल, पिता श्री प्रेम लाल बघेल** के नाम पर इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 4923 दिनांक 11.10.2006 द्वारा स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 04.03.2011 को लीजडीड पंजीकृत उपरांत आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में आवंटी **श्री पवन कुमार बघेल पिता श्री प्रेम लाल बघेल निवासी: राम जानकी शीतला मंदिर के पास, संजय नगर, टिकरापारा, रायपुर ( छ.ग. )** द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्री सुश्रूत बघमार पिता श्री मनहरण बघमार निवासी: ग्राम व पोस्ट-खपराडीह, तहसील-सिमगा, जिला-बलौदाबाजार भाटापारा ( छ.ग. )** के पक्ष में विक्रय करने हेतु आवेदन पत्र, विकय इकरारनामा, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भवन के नाम विकय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.**

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,

सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email Id- eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत, भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक **एल.आई.जी. 38/450, प्रथम तल में श्रीमती गीता श्रीवास्तव पति अनिल श्रीवास्तव** को स्ववित्तीय / एकमुश्त आधार पर आबंटित / नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा **दिनांक** 03.02.2009 को विक्रय विलख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट/भवन के विक्रय हेतु **दिनांक** 06.08.2024 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट / भवन **श्री बाबूलाल पाल पिता श्री शिव नारायण पाल** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है। अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित्त रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जायेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./13837/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 16-08-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 13837**
**वार्ड का नाम- 15 - ने. कन्हैयालाल बाजारी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 15 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR108B00470** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **L. PUROSOTTAM RAO** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. L. SHANMUKHA RAO** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NISHA DUA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE RANJEET SINGH DUA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./13709/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 13-08-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 13709**
**वार्ड का नाम- 05 - बंजारी माता मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 05 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR105C00479** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MANISH KUMAR SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MS SHARMA LABORATORIES RAJENDRA KUMAR SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE LAXMIKANT** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत वसीयतनामा**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./13611/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 12-08-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 13611**
**वार्ड का नाम- 04 - यतियतन लाल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 04 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR105E00045** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAKESH YADAV, KAMLESH YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BHODU RAM YADAV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. JASHODA 2. SUNASIRA HARIJAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. SUNASIRA 2 PUINO HARIJAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /13888/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 16-08-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 13888**
**वार्ड का नाम- 02 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 02 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802F00355** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BHUPENDRA SINGH PAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DILBAG SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SONU YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GOPI VASUDEV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /13832/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 16-08-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 13832**
**वार्ड का नाम- 70 - संत रविदास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR813C00635** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VELJIBHAI KHATAU JOSHI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. KHATAU JOSHI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **AARTI KETAN JOSHI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. VELJIBHAI KHATAU JOSHI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /13898/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 16-08-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 13898**
**वार्ड का नाम- 70 - संत रविदास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR870I00140** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **M/S SCHDEV BUILDICON HARISH KUMAR SACHDEV** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. MOHAMMAD WASI KHAN S/O SHRI MOHAMMAD WAJEEH AHMAD KHAN 2. MRS. MOKSHA SINGH S/O MOHAMMAD WASI KHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **...** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /13899/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 16-08-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 13899**
**वार्ड का नाम- 70 - संत रविदास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR8140L00883** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SIDDHARTH BAGRECHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NATHMAL BAGRECHA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHREYANSH SETHIYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BASANT SETHIYA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 371 दिनांक 16.08.2024**
**वार्ड का नाम- रविशंकर शुक्ल वार्ड**
**वार्ड क्र. 13 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 13 मांग **पंजी क्र. 1327 युआईडी 17904** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **डांग डेवलपर्स प्रा. लि./अशोक डांग/एस. के. डांग** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **मनोरमा यादव/संतोष यादव** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **15-09-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 372 दिनांक 16.08.2024**
**वार्ड का नाम- रविशंकर शुक्ल वार्ड**
**वार्ड क्र. 13 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 13 मांग **पंजी क्र. 1455 युआईडी 18033** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **डांग डेवलपर्स प्रा. लि./अशोक डांग/एस. के. डांग** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **मनोरमा यादव/संतोष यादव** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **15-09-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 373 दिनांक 16.08.2024**
**वार्ड का नाम- रविशंकर शुक्ल वार्ड**
**वार्ड क्र. 13 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 13 मांग **पंजी क्र. 1457 युआईडी 18035** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **डांग डेवलपर्स प्रा. लि./अशोक डांग/एस. के. डांग** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **मनोरमा यादव/संतोष यादव** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **15-09-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)

प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./13849/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 16-08-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 13849**
**वार्ड का नाम-47-सिविल लाईन वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 47 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR342E00002** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VISHAL R. SONI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJENDRA SONI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **राजदीप सिंह होरा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **बलबीर सिंह होरा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

# जशपुरनगर में सांसद चिंतामणी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित**



**जशपुरनगर(विश्व परिवार)।** जिला मुख्यालय जशपुर में 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति की भावना और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम रणजीता स्टेडियम में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि लोकसभा क्षेत्र सरगुजा के सांसद चिंतामणी ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। रणजीता स्टेडियम में मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के बाद कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल और पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह के साथ परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने जिले वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के स्वतंत्रता दिवस संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम में शांति के प्रतीक श्वेत कबूतर और रंगीन गुब्बारे भी उड़ाए। स्वतंत्रता दिवस समारोह में कुल 10 प्लाटूनों ने हिस्सा लिया। परेड का नेतृत्व मुख्य परेड कमांडर डीएसपी भानु प्रताप चंद्राकर ने किया। टू.आई.सी का दायित्व अमरजी खूंटे रक्षित निरीक्षक ने निभाया। साथ ही उप निरीक्षक के अगवाई में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल पुरुष, जिला पुलिस बल महिला, नगर सेना पुरुष, नगर सेना महिला, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड एवं बैंड दल टुकड़ियां स्वतंत्रता दिवस समारोह में परेड किया। समारोह में मुख्य अतिथि महाराज ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के परिजनों से भेंट कर उन्हें स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देने के साथ ही उन्हें शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में सेंट जेवियर उ.मा.वि. जशपुर के बच्चों ने बैंड के साथ देशभक्ति धुन पर शानदार प्रस्तुती दी। साथ ही नगर के स्कूली बच्चों द्वारा शानदार सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर कल्याण आश्रम पूर्व माध्यमिक शाला जशपुर, साउथ पॉइंट जशपुर, शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला जशपुर, महावीर दिगम्बर जैन विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर जशपुर, संत जेवियर शांति भवन जशपुर, महारानी लक्ष्मी बाई कन्या शाला तथा स्वामी आत्मानंद उ.नं.आ.अं.मा.विद्यालय जशपुर की छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### मामूली बात पर नाबालिग की हत्या करने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**कवर्धा(विश्व परिवार)।** 13 अगस्त की शाम 5 बजे आसपास नाबालिक मृतिका उम्र 15 वर्ष जो हाई स्कूल बम्हनी में कक्षा 10 वी में पढ़ाई करती थी, स्कूल की छुट्टी होने पर सहेलियों के साथ अपने घर जा रही थी की रास्ते में इतवारी के घर पास आरोपी विक्की कौशिक उर्फ जग्गू पिता जागेश्वर कौशिक उम्र 19 वर्ष निवासी बम्हनी द्वारा मृतिका को झिटी (पतली दुबली लड़की) बोला तो उसने आरोपी को ऐसा बोलने से मना की, जिस पर आरोपी विक्की कौशिक द्वारा पास में पड़े लकड़ी के डंडे से मृतिका के सिर पर वार कर दिया, जिससे मृतिका घायल हो गई परिजनों द्वारा इलाज के लिए रूपजीवन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था जहा ईलाज दौरान उसकी फौत हो गई है। प्रकरण में आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है आरोपी के विरुद्ध पुलिस चौकी बाजारचारभाटा थाना कवर्धा में धारा 103(1) बीएनएस हत्या का मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले की एक प्रधान पाठिका से बेमेतरा जिले के रहने वाले परिचित शख्स ने नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। आरोपी ने अमरकंटक के पास एक होटल में रेप की वारदात को अंजाम दिया। गौरेला पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पिछले दिनों गौरेला थाना में कोरबा जिले की रहने वाली एक प्रधान पाठिका ने रिपोर्ट लिखवाई थी कि वह रायपुर में युवक श्रीकांत पांडेय के संपर्क में आई थी। श्रीकांत रायपुर में कार ड्राइविंग सिखाने का काम करता था। युवक बेमेतरा जिले का रहने वाला है। दोनों के बीच फोन पर बात भी होती रही। इस दौरान दोनों गौरेला थाना क्षेत्र के अमरकंटक जाने वाले मार्ग में स्थित केंवची की एक होटल में रुके। खाने में श्रीकांत ने कुछ नशीला पदार्थ मिला दिया। इसके बाद आरोपी ने महिला से होटल के कमरे में दुष्कर्म किया। होश आने पर महिला को अपने साथ गलत कृत्य होने की जानकारी हुई। उसने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी और गौरेला थाना में आरोपी श्रीकांत के खिलाफ स्न्ड्डक्र दर्ज करवाया। एसपी भावना गुप्ता के निर्देश पर गौरेला पुलिस ने टीम बनाकर आरोपी श्रीकांत पांडेय को गिरफ्तार किया है।

### न्यायधानी में 13 साल बाद फांसी की सजा

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद तीनों बच्चों को मौत की नींद सुलाने वाले युवक को दशम सत्र न्यायाधीश ने जान निकलने तक फंदे पर लटकाने की सजा सुनाई है। बिलासपुर जिले में 13 साल बाद किसी व्यक्ति को मृत्युदंड की सजा सुनाई गई है। इससे पहले वर्ष 2011 में रतनपुर निवासी व्यक्ति को मृत्युदंड की सजा सुनाई गई थी। इस मामले में पुलिस और अदालत की तत्परता भी सामने आई है, जिसके चलते इस बड़े और बहुचर्चित मामले में अभियुक्त को उसके किए की सजा मिलने जा रही है। घटना व आरोपी की गिरफ्तारी के तीन माह के भीतर ही पुलिस ने चालान पेश कर दिया था। वहीं सात माह बाद ही जज ने अपना फैसला सुनाया है। मामले में न्यायालय ने 10 हजार रुपये का अर्थदंड और इसे नहीं पटाने पर तीन माह कारावास की सजा का भी आदेश दिया है। आरोपित उमेंद्र केंवट को फांसी के फंदे तक पहुंचाने में शासन की ओर से पैरवी करने वाले अतिरिक्त लोक अभियोजक लक्ष्मीकांत तिवारी और अतिरिक्त लोक अभियोजक अभिजीत तिवारी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। वीहं पुलिस की जांच में कई और तथ्य भी सामने आए। इसके अनुसार पत्नी व तीनों बच्चो की हत्या करने के बाद उमेंद्र ने भी आत्महत्या की कोशिश की थी। वह रस्सी का फंदा बनाकर झूल गया था, लेकिन रस्सी टूटने से वह आत्महत्या करने में असफल रहा। फिर दोबारा फांसी लगाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। इसके बाद उसने खुद मस्तूरी थाने पहुंचकर सरेंडर करते हुए अपनी पत्नी व तीनों बच्चों की हत्या की सूचना दी थी। एक जनवरी की रात को पत्नी व बच्चों की हत्या करने के बाद आरोपित उमेंद्र केंवट दो जनवरी को मस्तूरी थाने पहुंचा था। सूचना मिलने के बाद मस्तूरी पुलिस मौके पर पहुंची व शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। आरोपित के अलावा उसके स्वजन समेत अन्य का बयान दर्ज किया। कई तरह के साक्ष्य जुटाए गए और अंततः मार्च के आखिर में अदालत में चालान पेश कर दिया। रतनपुर में फरवरी 2011 में मनोज सूर्यवंशी ने पड़ोसी के तीन बच्चों की हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया था। हत्या की जांच के दौरान पाया कि आरोपित मनोज की पत्नी सुमिरत बाई अपने पडोसी शिवलाल धीवर के छोटे भाई के साथ भाग गई थी। इससे मनोज सूर्यवंशी शिवलाल से दुश्मनी रखने लगा। उसने फरवरी 2011 में दर्रीपारा स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल से लौट रहे शिवलाल के तीनों बच्चों विजय धीवर (आठ वर्ष), अजय धीवर (छह वर्ष) व साक्षी धीवर (चार वर्ष) की हत्या कर दी। हालांकि फांसी की सजा को सुप्रीम कोर्ट ने आजीवन कारावास में बदल दिया था।

# डेंगू नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया व्यवसायिक परिसर एवं नवनिर्मित मकान वाले क्षेत्रों का सर्वे

**जल जमाव वाले जगहों पर किया गया दवा का छिड़काव**

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा व्यवसायिक परिसर व नवनिर्मित मकान वाले क्षेत्रों में सर्वे किया गया। मौके पर उन्होंने जलजमाव वाले जगहों को साफकरते हुए वहां दवा का छिड़काव किए। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वहां आसपास रहने वाले लोगों को समझाईश दी कि छोटी-छोटी असावधानियों से डेंगू के लक्षण मिलते है। चूंकि डेंगू का लार्वा साफएवं ठहरे हुए पानी में पनपता है। इसलिए डेंगू के केसेस को रोकने के लिए सबको सतर्कता बरतना आवश्यक है। डेंगू मच्छर एवं वाहक एडिज एजिप्टी की पहचान एवं मच्छर के काटने तथा संक्रमण फैलाने वाले डेंगू वायरस के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डेंगू के लक्षणों के आधार पर ही इसका इलाज किया जाना रहता हैं विशेष एवं गंभीर अवस्था में मरीजों को भर्ती करके इलाज उपलब्ध कराया जाता है। भर्ती के दौरान कुछ ऐसे मरीजों का जिनका प्लेटलेट की मात्रा अत्यधिक कम हो जाने पर फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा एवं प्लेटलेट उपलब्ध कराया जाता है तथा डेंगू रोकथाम के उपाय बताए गए जिसमें मुख्य रूप से कुलर में एक हफ्ता से रखा हुआ स्थिर एवं साफ पानी, बिना ढ़के हुए प्लास्टिक एवं सीमेंट टैंक का साफ पानी, फ्रिज के पीछे ट्रे, गमले में जमा हुआ पानी, पशु एवं पक्षियों के लिए पात्र में रखा हुआ साफ पानी, नारियल के खोल, टूटे हुए बर्तन एवं डिस्पोजल, गड्ढ़ों में बारिश का जमा हुआ साफ पानी, टायरों में जमा हुआ साफ पानी, अन्य ऐसे स्थान या वस्तु जिसमें स्थिर साफपानी जमा हो रहा है वहां डेंगू के मच्छर पनपते है। इसलिए व्यर्थ पड़े हुए पात्रों को पलट कर रखे उन्हें खुला न रहने दें। तत्पश्चात आयुक्त नगर निगम ने शहरी क्षेत्र के समस्त वार्डों के आधार पर हाईरिस्क वार्डो का जिक्र करते हुए बताया कि इन क्षेत्रों से ही डेंगू प्रकरण की संख्या में वृद्धि हो रही है। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत ड्यूटीरत अधिकारी/कर्मचारियों सुपरवायजर, मितानिन पर्यवेक्षक, मितानिन के द्वारा पूर्ण रूप से घरों का सोर्स रिडक्शन का कार्य किया जा रहा है। बचाव के उपाय-डेंगू मच्छर से बचने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर के आस-पास साफ-सफाई रखना चाहिए, नालियों में जला हुआ मोबिल, मिट्टी तेल का छिड़काव करना चाहिए। हमेशा फूल आस्तीन के वस्त्र पहनना चाहिए, रात को सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए। साथ ही आम जनता से अपील की जा रही है, की रायगढ़ जिला को डेंगू मुक्त बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# कोयला खदान के लिए अधिग्रहित जमीन पर रातों रात अवैध निर्माण, प्रशासन ने शुरू किया सर्वे

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** रायगढ़ जिले के तमनार ब्लॉक के गांवों में कोयला खदान के लिए अधिग्रहित जमीन पर रातों-रात अवैध निर्माणों की भरमार हो गई है। ज्यादा मुआवजे की लालच में खेतों और खाली जमीनों पर आलीशान इमारतें, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, दुकानें, टीन शेड, तालाब, ट्यूबवेल, और मुर्गी फार्म बनाए जा रहे हैं। प्रशासन को शिकायत मिलने के बाद अब इन अवैध निर्माणों पर कार्रवाई के लिए सर्वेक्षण शुरू कर दिया गया है। महाराष्ट्र स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड के ताप विद्युत गृहों के लिए रायगढ़ जिले में गारे पेल्मा कोल ब्लॉक का आवंटन वर्ष 2016 में किया गया था। लगभग 2500 हेक्टेयर से अधिक की जमीन के लिए माइनिंग लीज और मुआवजे के लिए 3000 से अधिक परिवारों को चिन्हित किया गया था। हालांकि, अब तमनार ब्लॉक के मुड़ागांव, रोडोपाली सारसमाल, ढोलनारा सहित अन्य गांवों में बाहरी लोगों, भू-माफियाओं, और बिल्डरों ने अवैध निर्माण शुरू कर दिया है। यह निर्माण बिना किसी उपयोग के केवल मुआवजे के लालच में किया जा रहा है। 2019 में हुई जनसुनवाई के बाद ड्रोन सर्वे के जरिए खदान क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति की जांच की गई, जिसमें यह पता चला कि इन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण हो रहे हैं। किसानों के साथ डील करके जमीन कारोबारी इन जमीनों पर निर्माण कर मुआवजे को चार गुना बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।

# जिला स्तरीय रोवर रेंजर युथ फोरम का आयोजन संपन्न

**बेमेतरा(विश्व परिवार)।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त सोमनाथ यादव जी के निर्देशानुसार, राज्य सचिव कैलाश सोनी के मार्गदर्शन, जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे के आदेशानुसार, भारत स्काउट एंड गाइड जिला संघ के निर्णय अनुसार जिला स्तरीय रोवर रेंजर युथ फोरम का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहसपुर विकासखंड साजा जिला बेमेतरा में दिनांक 8 अगस्त से 12 अगस्त तक शिविर संचालक अमित कुमार क्षत्रिय के नेतृत्व में आयोजित किया गया। उक्त शिविर में 35 हाई स्कूल, हायर सेकण्डरी के 150 रोवर रेंजर ने भाग लिया। यूथ फोरम के उद्देश्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स नई दिल्ली द्वारा रोवर रेंजर के लिए निर्धारित 14 आदर्श बिंदु, आधारभूत तत्व, महिला एवं बालिका सुरक्षा कानून की जानकारी, साइबर क्राइम सुरक्षा, यातायात सुरक्षा, व्यक्तित्व विकास, योग शिक्षा और उसका महत्व, करियर काउंसलिंग, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युवाओं के लिए संचालित फ्री बिइंग मी , मैसेंजर ऑफ पीस, एस डी जी,(सतत् विकास लक्ष्य) स्काउट वर्ल्ड अवार्ड, आदि विषयों की जानकारी दी गई।

# खाद्य विभाग प्रशासन ने होटल, मिष्ठान भण्डार, डेयरी व बेकरी फर्म इत्यादि का किया निरीक्षण



**बेमेतरा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर रणबीर शर्मा के के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा रक्षाबंधन त्यौहार को ध्यान में रखते हुए जिला अंतर्गत होटल, मिष्ठान भण्डार, होटल, ढाबा, डेयरी व बेकरी फर्म इत्यादि का निरीक्षण किया जा रहा है। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला शहरी क्षेत्र अंतर्गत स्थित विभिन्न फर्मों पंजाब किचन, रसोई फेमिली गार्डन रेस्टॉरेंट, मारवाड़ी भोजनालय एवं रेस्टोरेंट, गुप्ता स्वीट्स दोसा कार्नर, शेरे पंजाब ढाबा, केके ढाबा, सुरुचि भोजनालय इत्यादि से 49 खाद्य नमूना संकलित कर मौके जांच किया गया जिसमें से 41 मानक, 08 अमानक पाया गया। फर्म रसोई रेस्टोरेंट से मिक्स वेजी तथा चटनी 3.5 किग्रा को तथा शेरे पंजाब ढाबा से करेला सब्जी 1.5 किग्रा का अमानक पाए जाने पर मौके पर नष्ट कराया गया। गुणवत्ता में शंका के आधार पर बेमेतरा स्थित मां दुर्गा डेयरी से दही लूज, पनीर लूज, जय भगवती जोधपुर स्वीट्स एण्ड नमकीन से मिल्क केक लूज व बूंदी लड्डू लूज, रसोई रेस्टोरेंट से वेज बिरयानी लूज व बेरला स्थित दुर्गा स्वीट्स से कुंदा लूज का कुल 05 नमूना लेकर परीक्षण हेतु जांच प्रयोगशाला भेजा गया है।

# बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए तिलकेजा पीएचसी एनक्यूएएस मानकों पर उतरा खरा

**मिला राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र**




**कोरबा(विश्व परिवार)।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलकेजा को कोरबा जिले में स्वच्छता एवं गुणवत्तापुर्ण स्वास्थ्य लाभ सेवाए देने पुरूस्कार प्राप्त है। कोरबा जिले के कोरबा विकासखंड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलकेजा को बेहतर और गुणवत्तापुर्ण स्वास्थ्य सेवा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्ता आश्वासन मानक संस्था द्वारा 93.00 प्रतिशत मानक अंक के साथ राष्ट्रीय क्वालिटी सर्टिफिक्केशन प्रदान किया गया है। कोरबा विकासखंड में आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलकेजा, यह पुरूस्कार पाने वाला दुसरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बन गया है। प्रदेश में इस वर्ष 32 स्वास्थ्य केंद्रों को यह सर्टिफिक्केट हासिल हुआ जिसमें 09 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 16 उपस्वास्थ्य केंद्र, 06 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्यकेंद्र एवं 01 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल थे। आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलकेजा, ने पहले प्रयास में ही सफलता प्राप्त किया है। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (ह्न्न्स्) डिलीवरी मेनटेनेंस, लैब सुविधा और राष्ट्रीय चिकित्सा प्रोग्राम सहित 06 विभागो में दी जा रही सुविधाओ तथा उनके रखरखाव सहित 1200 मानको पर इसका निरीक्षण एनक्यूएएस संस्था द्वारा किया गया जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलकेजा को सभी मानको पर खरा पाया गया। पहले तिलकेजा ग्राम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन, स्वास्थ्य सुविधाओं और संसाधनों के लिए जुझता था, परंतु श्रीमती मिथलेश मांडले ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलकेजा में बुनियादी सुविधाओं के साथ चिकित्सा के उच्च मानदंडों को कियान्वित करने का बीडा उठाया। कुछ वर्षों में ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलकेजा आस-पास के ग्रामीणों के लिए चिकित्सा सुविधा का बडा केंद्र बन गया। श्रीमती मिथलेश मांडले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलकेजा की प्रभारी है। संस्था में कार्यरत चिकित्सक डॉ. अनुराग अग्रवाल, ग्रामीण चिकित्सा सहायक लालजी श्रीवास, स्टाफ नर्स भारती, संगीता, पुनम, अल्का, रजनी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक सुनीता, छविकान्त कौशिक, मेडिकल लैब टेक्निशियन नरेश कुमार, आयुष स्टाफ डॉ. राजकुमार, संतोष कुमार, वार्ड आया हेमलता आयुष्मान स्टाफ यामिनी, विरेन्द्र एवं जुनियर सेक्रेटरीयल असिस्टेंट लक्ष्मीकान्त गुप्ता एवं सेक्टर तिलकेजा के समस्त फिल्ड स्टाफ के कडी मेहनत एवं प्रयास से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलकेजा को इसके पुर्व वर्ष 2021-2022 में कायाकल्प कार्यक्रम में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था एवं वर्तमान में ह्न्न्स् सर्टिफिक्केशन हासिल हुआ है।

दैनिक
# विश्व परिवार

**विचार-पक्ष**

रायपुर शनिवार 17 अगस्त 2024

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संपादकीय

## वायनाड को हर संभव सहायता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आश्वासन दिया कि केंद्र वायनाड जिले के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास प्रयासों में हर संभव सहायता प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री वायनाड में जिला कलक्ट्रेट में जमीनी हालात की समीक्षा करने और भूस्खलन पीड़ितों की पुनर्वास योजना तैयार करने के लिए आयोजित बैठक में बोल रहे थे। इससे पूर्व वायनाड जाते समय उन्होंने भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से भूस्खलन प्रभावित चूरलमाला, मुंडक्कई और पुंचिरीमट्टम का हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने एक राहत शिविर का भी दौरा किया और भूस्खलन से विस्थापित हुए कुछ लोगों से बातचीत की जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। भूस्खलन की इस आपदा में 226 लोगों की मौत हो चुकी है, और 130 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं। हाल के वर्षों में जलवायु परिवर्तन के चलते अति मौसमी घटनाओं के कारण आपदाएं आने का सिलसिला बढ़ गया है। देश के पहाड़ी राज्यों में तो इन घटनाओं से जान-माल का खासा नुकसान होता है, और आये साल होने वाली इन घटनाओं के मद्देनजर इन घटनाओं को 'राष्ट्रीय आपदा' घोषित करने की मांग विशेषकर विपक्षी दलों की तरफ से उठती है। वायनाड में भूस्खलन इस आपदा के लिए भी यह मांग जोर-शोर से उठी, लेकिन केंद्र ने इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करने से इनकार किया है। बताया गया है कि केंद्र सरकार ने कांग्रेस-नीत संप्रग सरकार के तत्कालीन गृह राज्यमंत्री मुल्लापल्ली रामचंद्रन द्वारा 2013 में संसद में दिए गए एक बयान का हवाला देते हुए बल दिया कि केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों में 'राष्ट्रीय आपदा' जैसी कोई अवधारणा नहीं है। एक प्रश्न के जवाब में रामचंद्रन ने कहा था कि केंद्र सरकार कई स्थितियों के आधार पर तय करती है कि आपदा की प्रकृति क्या है, जिसमें इसकी तीव्रता, राहत सहायता का स्तर, समस्या से निपटने में राज्य सरकार की क्षमता और राहत प्रदान करने के लिए योजना के भीतर उपलब्ध विकल्प आदि को ध्यान में रखा जाता है। प्राकृतिक आपदा के संदर्भ में तत्काल राहत और सहायता प्रदान करना प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया था कि 'राष्ट्रीय आपदा' के लिए तो कोई निर्धारित मानदंड नहीं है, अलबत्ता, 'गंभीर प्रकृति' की आपदा के लिए स्थापित प्रक्रिया का पालन किया जाता है। बहरहाल, वायनाड भूस्खलन गंभीर किस्म की आपदा करार दी जा सकती है, और इसलिए बेहद जरूरी है कि तमाम संभव उपाय करके प्रभावितों और पीड़ितों को संकट के दंश से उबारा जाए।

## आलेख

## भारत के मुस्लिम नेताओं से अपील

पिछले कुछ दिनों में भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है और हुआ है, वह भारत के लिए गंभीर चिंता और संकट का विषय है । आई.एस.आई., जमाते इस्लामी, अल-कायदा और अन्य मुस्लिम उग्रवादी संगठनों ने बांग्लादेश के हिन्दुओं पर अत्याचार शुरू कर दिया है । सन् 1947 में जब भारत का विभाजन हुआ था तब पूर्वी पाकिस्तान (आज का बांग्लादेश) में 30न्न हिन्दू रहते थे । असल में वे जगत गुरु रविन्द्र नाथ टैगोर को अपना आराध्य मानते हैं । वे सभी बांग्लाभाषी हैं । उनका खान-पान, रहन-सहन, सोच विचार बांग्लादेश के मुसलमानों के समान ही था और है । हिन्दू और मुसलमान के बीच फर्क केवल आराध्य को लेकर रहा है । मुसलमान मस्जिद में जाता है - हिन्दू मंदिर में जाता है । ढाका में काली का बहुत प्रसिद्ध मंदिर है । ढाका के सबसे बड़े कॉलेज का नाम जगन्नाथ कॉलेज है । विभाजन से पूर्व यही नाम था और अभी कुछ वर्ष पहले तक यही नाम रहा है । बांग्लादेश में एक हिन्दू आदिवासी सम्प्रदाय का बहुत बड़ा आस्था स्थल है । जब पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव हो रहे थे तो चुनाव के बीच भारत के प्रधानमंत्री श्री मोदी जी बांग्लादेश गये थे और उस आदिवासी पूजा स्थल पर आराधना की थी । पश्चिम बंगाल में उस समुदाय के बहुत से वोटर हैं । भारत के विपक्ष ने तब आरोप लगाया था कि मोदी जी ने चुनाव के बीच वहां जाकर पश्चिम बंगाल के असेंबली चुनाव में जीत के लिए उस समुदाय को साधने के लिए बांग्लादेश में उक्त समुदाय के पूजा स्थल पर गये थे । सन् 1971 में भारत की तात्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की कूटनीति से पाकिस्तान के दो टुकड़े हो गये और पूर्वी पाकिस्तान बांग्लादेश के नाम से एक अलग देश बन गया । खालिदा जिया भी कुछ दिन बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रही हैं, परन्तु शेख हसीना ने उन्हें जेल में डाल रखा था । शेख हसीना ने नौकरी में आरक्षण को लेकर आन्दोलन कर रहे छात्रों को गुण्डा कहा था । यूं शेख हसीना सन् 2008 से वहां की प्रधानमंत्री रही हैं । परन्तु उन पर आरोप है कि पिछले दो चुनावों में उन्होंने धांधली की थी । उन्होंने विपक्षका गला घोंट रक्खा था। फौज से भी उनके सम्बन्ध कुछ बहुत मधुर नहीं थे ।भारत की विदेश नीति के तहत भारत ने बांग्लादेश से मधुर संबंध रक्खे जो मोदी जी के कार्यकाल में और भी बढ़ गये यद्यपि यह मधुर संबंध सन् 2008 से चल रहे थे जब सत्ता में कांग्रेस थी । असल में शेख हसीना को भारत में शरण देना बहुत खतरनाक होगा । मुस्लिम उग्रवादी संगठनों ने बांग्लादेश के हिन्दुओं पर अत्याचार करना शुरू कर दिया है । हिन्दू प्रतिष्ठानों को लूट लिया गया है । हिन्दू स्त्रियों के साथ दुराचार हो रहा है । उनके अंग वस्त्रों के साथ बदतमीजी हो रही है । लगभग एक करोड़ तीस लाख हिन्दू भारत के बॉर्डर पर खड़े हैं । आज बांग्लादेश में मात्र सात प्रतिशत हिन्दू हैं जबकि 1947 में उनका प्रतिशत तीस था । भारत के बहुत से राज्यों की सीमा बांग्लादेश से मिलती है । आज असम में बहुत बड़ी संख्या में बांग्लाभाषी मुसलमान हैं जबकि असम की भाषा असमिया है । भारत हिन्दुत्व के नाम पर डेढ़ करोड़ हिन्दुओं को भारत में शरण नहीं दे सकता । भारत के मुस्लिम संगठनों के नेताओं को खुलकर और उग्र स्वर में बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ जो हो रहा है उसका विरोध करना चाहिये । आज चीन भारत के पड़ोसी देशों में काबिज है । नेपाल, पाकिस्तान, वर्मा, मालदीप, अफगानिस्तान, श्री लंका सभी देशों में चीन की बढ़त है । यह भारत के लिए चिंता का विषय है । भारत का मुसलमान समन्वयवादी और उदार है । दुनिया भर के मुस्लिम देशों को बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ जो हो रहा है, इसका विरोध करना चाहिए । यही सच्ची मानवता है और यही इस्लाम की सच्ची शिक्षा है । क्योंकि इस्लाम भाई-चारे में विश्वास करता है और भारत का मुसलमान बांग्लादेश के हिन्दुओं के साथ खड़ा है ।

# आचार्य शांतिसागर महाराज जी के प्रेरणा से अतिशय क्षेत्र बाहुबली ( कुंभोज ) में 28 फिट उत्तुंग भगवान बाहुबली की खडगासन प्रतिमा का निर्माण

प्रथमानुयोगी जनमानस के लिए एक भगवान का दर्शन ही अच्छा निमित्त हो सकता है। इसी उद्देश्य को लेकर किसी अच्छे स्थान पर विशालकाय श्री बाहुबली भगवान की विशालमूर्ति कम से कम 25 फीट की खड़ी कराने का प्रशस्त विकल्प जहाँ कहीं भी आचार्य श्री शांतिसागर महाराज जी पहुँचते थे, प्रकट करते थे 7 परन्तु सिलसिला बैठा नहीं। भावावश्यं भवेदेव न हि केनापि रुध्यते' होनहार होकर ही रहती है। योगायोग से इसी समय अतिशयक्षेत्र बाहुबली (कुंभोज) में वार्षिकोत्सव होने वाला था। 'संभव है सत्य संकल्प की पूर्ति हो जाये' इसी सदाशय से आचार्य श्री शांतिसागर महाराज जी के चरण बाहुबली की ओर यकायक बढ़े। 18 मील का विहार वृद्धावस्था में पूरा करते हुए नांद्रे से आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज श्री क्षेत्र बाहुबली पर संध्या में पहुँचे। पवित्र आनन्दोल्लास का वातावरण पैदा हुआ। संस्था के मंत्री श्री सेठ बालचंद देवचंद जी और मुनि श्री समंतभद्र जी से संबोधन करते हुए भरी सभा में आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज का निम्न प्रकार समयोचित और समुचित वक्तव्य हुआ। जो आचार्य श्री शांतिसागर महाराज जी की पारगामी दृष्टि-सम्पन्नता का पूरा सूचक था। आपकी आंतरिक पवित्र इच्छा है कि यहाँ पर हजारों विद्यार्थी धर्माध्ययन करते रहें इसका मुझे परिचय है। यह कल्पवृक्ष खड़ा करके जा रहा हूँ। भगवान का दिव्य अधिष्ठान सब काम पूरा कराने में समर्थ है। यथासंभव बड़े पाषाण को प्राप्त कर इस कार्य को पूरा कर लीजिये।'' मुनि श्री समंतभद्र जी की ओर दृष्टि कर संकेत किया-''आपकी प्रकृति (स्वभाव) को बराबर जानता हूँ। यह तीर्थभूमि है। मुनियों को विहार करते रहना चाहिए, इस प्रकार सर्वसामान्य नियम है। फिर भी विहार करते हुए जिस प्रयोजन की पूर्ति करनी है, उसे एक स्थान में यहीं पर रहकर कर लो। यह तीर्थक्षेत्र है एक जगह पर रहने के लिए कोई बाधा नहीं है। विकल्प की कोई आवश्यकता नहीं है। जिस प्रकार से कार्य शीघ्र पूरा हो सके पूरा प्रयत्न करना। कार्य अवश्य ही पूरा होगा। सुनिश्चित पूरा होगा। आप सबको हमारा शुभाशीर्वाद है।''

पूर्णिमा का शुभ मंगल दिन था। शुभ संकेत के रूप में पच्चीस हजार रुपयों की स्वीकृति भी तत्काल हुई। काम लाखों का था। यथाकाल सब कामपूर्ण हुआ। ''पयसा कमलं कमलेन पय: पयसा कमलेन विभाति सर:।'' पानी से कमल, कमल से पानी और दोनों से सरोवर की शोभा बढ़ती है। ठीक इस कहावत के अनुसार भगवान् की मूर्ति से संस्था का अध्यात्म वैभव बढ़ा ही है। अतिशय क्षेत्र की अतिशयता में अच्छी वृद्धि ही हुई। अब तो मूर्ति के प्रांगण में और सिद्धक्षेत्रों की प्रतिकृतियाँ बनने से यथार्थ में अतिशयता या विशेषता आयी है। महाराज का आशीर्वाद ऐसे फलित हुआ। आचार्य श्री शांतिसागर महाराज जी के प्रेरणा से अतिशय क्षेत्र बाहुबली (कुंभोज) में 28 फिट उत्तुंग भगवान बाहुबली की खडगासन प्रतिमा का निर्माण हुआ 7

### आचार्य श्री शांतिसागर महाराज जी ने सिंहनिष्क्रीड़ित व्रत तीन बार किया

सिंहनिष्क्रीड़ित व्रत इस कठिन व्रत का संकल्प करने के बाद आचार्य श्री शांतिसागर महाराज जी ने



''सिंहनिष्क्रीड़ित'' नामक व्रत का उल्लेख किसी ग्रंथ में पढ़ा। आचार्य श्री शांतिसागर महाराज जी की प्रवृत्ति ऐसी है कि कोई कार्य जितना ही अधिक कठिन हो, उसे कर डालने की उनकी इच्छा भी उतनी ही प्रबल हुआ करती है। यह दम्भ अथव अभिमान के कारण नहीं, बल्कि आत्मपरीक्षा की भावना से। वे सदा अपने को तपस्या की परिक्षाओं में परखते रहते हैं। इसी भावना से प्रेरित होकर उन्होंने षट रस-त्याग के साथ-साथ सिंहनष्क्रीड़ित नाम के महाकठिन व्रत का भी पालन करने का संकल्प कर लिया।

सिंह निष्क्रीड़ित व्रत क्या है, यह जाने बिना इस बात का बोध नहीं हो सकता कि महाराज ने अपने को वैसी कठोर तपस्याग्नि में तपाने का संकल्प किया था।

वनचरों के राजा सिंह की चाल विलक्षण ढंग की होती है। वह दो कदम आगे चलता है, फिर रुककर पीछे देखता है। फिर चार कदम आगे जाकर खड़ा हो जाता है और घूमकर देखता है। पीछे की ओर देखने की सिंह की इसी क्रिया को सिंहावलोकन कहा जाता है। सिंह की इस प्रकार की चाल सिंहनिष्क्रीड़ित कहलाती है।

सिंहनिष्क्रीड़ित व्रतधारी भी इसी प्रकार व्रती चाल चल सकता है। उसका क्रम कुछ इस प्रकार होता है, एक दिन उपवास, अगले दिन भोजन, तीसरे-चौथे दिन उपवास, पाँचवें दिन भोजन, छठे, सातवें, आठवें दिन उपवास, नवमें दिन पुन: भोजन। इस आरोहणक्रम से उपवासों की संख्या बढ़ती जाती है। जब नौ उपवास के बाद एक दिन भोजन किया जाता है, तब अवरोहण क्रम शुरू हो जाता है अर्थात् नौ उपवास, एक भोजन, आठ उपवास, एक भोजन, सात उपवास, एक भोजन, छह उपवास, एक भोजन इत्यादि। जब यह क्रम एक उपवास और एक भोजन तक पहुँच जाता है, तो पुन: आरोहण-क्रम शुरू हो जाता है।

इस तरह चातुर्मास की समाप्ति तक आरोहण और अवरोहण क्रम को पूर्णतया निभाते हुए व्रत रखना सिंहनिष्क्रीड़ित व्रत कहलाता है।

एक तो षट्रसत्याग। ऊपर से सिंहनिष्क्रीड़ित जैसा कठोर व्रत। साधारण समय में भी दिगम्बर जैन मुनि दिन भर में एक बार भोजन करते हैं और एक ही बार भोजन के समय जल पीते हैं। उपवास के समय तो जल भी नहीं पी सकते। ऐसी स्थिति में सिंहनिष्क्रीड़ित जैसा कठोर व्रत धारण करने के लिए मन में कितनी दृढ़ता होनी चाहिए, कितनी सम्पूर्ण विरक्ति की भावना चाहिए, इसकी कल्पना आप स्वयं कर सकते हैं। आचार्य श्री शांतिसागर मगरज जी ने तीन बार सिंह-निष्क्रिडीत व्रत किया

### गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से प्रथमाचार्य श्री शांतिसागर वर्ष' मनाया गया

प्रथमाचार्य श्री शांतिसागर वर्ष' मनाने की प्रेरणा-बीसवीं सदी के प्रथम दिगम्बर जैनाचार्य चारित्रचक्रवर्ती श्री शांतिसागर जी महाराज के महान उपकारों से जन-जन को परिचित कराने के उद्देश्य से पूज्य ज्ञानमती माताजी ने वर्ष 2010 को ''प्रथमाचार्य श्री शांतिसागर वर्ष'' के रूप में मनाने की प्रेरणा समस्त समाज को प्रदान की। इस वर्ष का उद्घाटन ज्येष्ठ कृ. चतुर्दशी, 11 जून 2010 को जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर में भगवान शांतिनाथ जन्म-दीक्षा एवं निर्वाणकल्याणक के शुभ दिवस किया गया तथा ज्येष्ठ कृ. चतुर्दशी, 31 मई 2011 तक यह वर्ष पूरे देश के विभिन्न अंचलों में अनेक धर्मप्रभावनात्मक कार्यक्रमों के साथ विभिन्न आयोजनपूर्वक मनाया गया।

### पूज्य ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से शाश्वत सिद्धक्षेत्र सम्मेदशिखर जी में ''आचार्य श्री शांतिसागर धाम'' नामक ऐतिहासिक स्मारक का किया निर्माण

शाश्वत सिद्धक्षेत्र सम्मेदशिखर में ''आचार्य श्री शांतिसागर धाम''-प्रथमाचार्य चारित्रचक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज द्वारा सन् 1927-28 में की गई सम्मेदशिखर यात्रा की स्मृति को दिग्दिगंत व्यापी बनाने हेतु पूज्य माताजी की प्रेरणा से शाश्वत सिद्धक्षेत्र सम्मेदशिखर जी में मेन रोड पर ''आचार्य श्री शांतिसागर धाम'' नामक ऐतिहासिक स्मारक का निर्माण किया गया है। यहाँ सम्मेदशिखर जी से प्रथम मोक्षगामी भगवान अजितनाथ जी की 31 फुट उत्तुंग विशाल खड्गासन प्रतिमा विराजमान हो चुकी है, उसके जिनमंदिर निर्माण के साथ ही मंदिर में नवग्रह अरिष्ट निवारक 24 तीर्थंकरों की प्रतिमा विराजमानपूर्वक आचार्य श्री शांतिसागर महाराज जी के जीवनदर्शन को प्रदर्शित करता भव्य स्मारक भी निर्मित किया हैं । साथ ही विशाल धर्मशालाएं आदि समुचित व्यवस्थाएं भी उपलब्ध हैं ।

### दक्षिण भारत में ''आचार्यश्री शांतिसागर सम्मदेशिखर ज्योति रथ'' का भ्रमण

रथ प्रवर्तन प्रेरणा के क्रम में चारित्रचक्रवर्ती प्रथमाचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के गुणानुवादरूप सन् 2014 में ''आचार्यश्री शांतिसागर सम्मदेशिखर ज्योति रथ'' का भ्रमण दक्षिण भारत में हुआ तथा सन् 2015 में मांगीतुंगी तीर्थ पर निर्मित हुई भगवान ऋषभदेव की 108 फुट उत्तुंग प्रतिमा के बारे में जनमानस को बताकर जैनधर्म की प्राचीनता, सार्वभौमिकता एवं व्यापकता आदि सिद्धान्तों के प्रचार-प्रसार हेतु ''भगवान ऋषभदेव विश्वशांति कलश यात्रा रथ'' नाम से दो रथों का सम्पूर्ण भारत में अपूर्व प्रभावनापूर्वक भ्रमण पूज्य ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा और आशीर्वाद से संपन्न हुआ।अपने सर्वोदायी व्यक्तित्व के द्वारा पूज्य ज्ञानमती माताजी ने जैन संस्कृति के संरक्षण हेतु ऐसे ''अमरकृति'' के निर्माण की प्रेरणा समाज को प्रदान की, जिसकी इस संसार में कोई मिशाल नहीं है। आज मांगी पर्वत के अखण्ड पाषाण में निर्मित 108 फुट उत्तुंग भगवान ऋषभदेव की यह प्रतिमा विश्व के लिए एक महान आश्चर्य है। जैन समाज ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व में ''गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड-लंदन'' ने इस प्रतिमा को अपने रिकॉर्ड में दर्ज करके यह सिद्ध कर दिया है कि इस प्रतिमा के समान अन्य कोई प्रतिमा नहीं है। शास्त्रीय प्रमाण के अनुसार यह प्रतिमा श्री आचार्य वसुनन्दि प्रतिष्ठा पाठ के आधार से पूरे माप के साथ अंगूठे से लेकर ललाट तक 108 फुट उत्तुंग बनाई गई है इस वीतराग प्रतिमा के निमित्त से सम्पूर्ण विश्व के पर्यटकों एवं तीर्थयात्रियों को जैनधर्म में वर्णित अहिंसा-अपरिग्रह का पाठ पढ़ाने हेतु प्रतिमा को ''द स्टेचू ऑफअहिंसा'' का नाम दिया गया है। इस तरह पूज्य ज्ञानमती माताजी की अमर कृति के रूप में यह प्रतिमा युगों-युगों तक जिनशासन की महिमा को विकसित करके जैन संस्कृति के विशाल व्यक्तित्व का परिचय जनमानस को प्रदान करेगी और ''विश्वशांति'' हेतु सम्पूर्ण विश्व के राजा व प्रजा को अहिंसा धर्म के पालन हेतु प्रेरित करती रहेगी।

सब श्रमण जिनको करते हैं नमन, ऐसे गुरुणां गुरू आचार्य श्री शांतिसागर

**श्री अभिषेक अशोक पाटील**

(कार्याध्यक्ष - अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद, कोल्हापूर)

# राष्ट्रवाद की एक बुनियाद बने ओलंपिक

**रॉन्जॉय सेन**

हर चार साल में भारत निशानेबाजी की बारीकियों और पिस्तौल, राइफल, ट्रैप व स्कीट के बीच के अंतर से परिचित होता है। ऐसा निशानेबाजी के प्रति उसके प्यार के कारण नहीं होता, बल्कि निशानेबाजों पर टिकी उम्मीदों की वजह से होता है कि वे एक दुर्लभ चीज लाएंगे, जो है ओलंपिक पदक। यह कहना गलत नहीं होगा कि हाशिये पर पड़े खेलों को ओलंपिक पदकों से काफी ऊर्जा मिलती है। यह स्थिति कई देशों की है, उस चीन की भी, जिसने खिलाड़ियों की सफलता को अपने राष्ट्रवाद का स्तंभ बनाया और पूरी दुनिया में जगह बनाई। पुराने दौर में रूस ने भी यही किया था। खेल और राष्ट्रवाद के बीच का संबंध काफी पुराना है। यह ओलंपिक संस्थापक पियरे डी कुबर्टिन के मत के बिल्कुल विपरीत है, जिनका मानना था कि प्रतिस्पर्द्धा करें, फिर चाहे आपको उसमें जीत मिले या न मिले। जॉर्ज ऑरवेल ने शायद अतिशयोक्ति की थी, जब उन्होंने शीत युद्ध के संदर्भ में खेल को 'वार माइनस द शूटिंग' कहा था, जिसका भावार्थ है- बिना गोलीबारी वाली वैश्विक जंग। हालांकि, एरिक हॉब्सबॉम यह उचित ही लिखते हैं कि ग्यारह नामित खिलाड़ियों की टीम लाखों लोगों के किसी समुदाय, समाज, देश से कहीं अधिक वास्तविक लगती है। टीम को हम प्रतिनिधि रूप में देखते हैं। कुछ शुरुआती ओलंपिक खेलों में ऐसे प्रतिभागी भी थे, जो जरूरी नहीं कि अपने देश का प्रतिनिधित्व करते हों, लेकिन जल्द ही देश का प्रतिनिधित्व करना नियम बन गया। जाने-माने खेल इतिहासकार एलन बैरनर ने लिखा है, खेल किसी भी अन्य सामाजिक गतिविधियों की तुलना में कहीं अधिक ध्वजा लहराने और राष्ट्रगान बजाने की सुविधा प्रदान करता है। यह ओलंपिक खेलों के लिए विशेष रूप से सच है। मुकुल केसवन के शब्दों में कहें, तो ओलंपिक ने खेल और राष्ट्र की निरंतर पहचान का बीड़ा उठा रखा है। यह बात रविवार को खत्म हुए ओलंपिक खेलों में बैडमिंटन पुरुष युगल के फाइनल में भी साफ-साफ दिखी, जब ताइवान की जोड़ी चीन के खिलाफ मुकाबिल थी। इसमें ताइवानी खिलाड़ी



अपने ध्वज नहीं, बल्कि चीनी ताइपे के झंडे तले मुकाबला कर रहे थे। दर्शकों में जो कोई भी ताइवान का झंडा लहराता दिखता, उसे या तो बाहर निकाल दिया जाता या फिर उसका झंडा जब्त कर लिया जाता था। मुकाबले में चीनी ताइपे की जोड़ी भारी पड़ी और इस जीत को कई ताइवानियों ने विश्व समुदाय में ताइवान की अंतरराष्ट्रीय स्थिति की स्वीकारोक्ति के रूप में देखा। ताइवानी राष्ट्रपति ने तो बाकायदा सोशल मीडिया पोस्ट लिखा कि इस जीत ने मुल्क को एकजुट कर दिया है। राष्ट्रवादी नजरिये से जीत को परिभाषित करने का यह कोई एकमात्र उदाहरण नहीं है, बल्कि ओलंपिक खेल ऐसे अनेक उदाहरणों से भरे पड़े हैं। साल 1980 के मॉस्को व साल 1984 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों के दौरान शीत युद्ध के दौर में बहिष्कार जैसी कार्रवाइयां तस्दीक करती हैं कि खेलों के ईद-गिर्द किस कदर राजनीति होती रही है। बहरहाल, भारत सहित ज्यादातर देशों की पदक-तालिका में अपनी स्थिति मजबूत बनाने की नीयत काफी हद तक राष्ट्रवादी प्रवृत्ति और वैश्विक मंच पर प्रभावशाली बनने की महत्वाकांक्षा से जुड़ी है। पुराने जमाने में सोवियत संघ और सोवियत गुट के कुछ सदस्यों ने व्यवस्थित रूप से ऐसा ही किया था। आज के समय में चीन ने भी यही रास्ता दिखाया है। भारत के विपरीत, जिसने आजादी से पहले हॉकी में सोना जीता था, चीन ने अपना पहला सोना 1984 के खेलों में जीता, जब वह ओलंपिक में फिर से शामिल हुआ था। तब से यह देश तेजी से आगे बढ़ा है और 2008 के बीजिंग ओलंपिक में ही 48 सोना जीतकर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अमेरिका से आगे निकल गया था। चीन बाद के ओलंपिक खेलों में भी शीर्ष स्थान के लिए अमेरिका के साथ होड़ लगाता दिखा है। माओत्से तुंग हमेशा खेल और राष्ट्रवाद के बीच गहरा रिश्ता बताते रहे। 2001 में बीजिंग को 2008 के खेलों की मेजबानी के लिए चुने जाने के बाद से ही चीन ने पदकों का पीछा करना शुरू कर दिया था। चीन की सरकार ने 'प्रोजेक्ट-119' के तहत अपने बच्चों को चैंपियन बनाने के लिए 3,000 से भी अधिक अकादमियों में अरबों डॉलर निवेश किए। इसका नाम प्रोजेक्ट-119 इसलिए रखा गया था, क्योंकि उस समय जल क्रीड़ा और एथलेटिक्स में 119 पदक जीतने का लक्ष्य रखा गया था। दो चीनी इतिहासकारों ने बताया है कि स्वर्ण पदक को लेकर चीन की भूख ने चीनी एथलीटों पर भारी सियासी बोझ डाल दिया, जिनका मिशन था, चीन की छवि को सुधारना और राष्ट्र के पुनरोद्धार के लिए लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करना। भारत ने आजादी के शुरुआती वर्षों में खेलों को लेकर अलग नीति अपनाई थी। 1951 के दिल्ली एशियाई खेलों में जवाहरलाल नेहरू के संबोधन में भले ही डे कुबर्टिन के आदर्शों की ध्वनि निकल रही थी, जब उन्होंने कहा था कि खेल प्रतियोगिताएं मैत्रीपूर्ण प्रतिद्वंद्विता विकसित करने के लिए अच्छी हैं और प्रत्येक खिलाड़ी को इसमें अपनी भूमिका शालीनता से निभानी चाहिए, लेकिन तब से अब तक गंगा में काफी पानी बह चुका है। हाल के वर्षों में तो भारत सरकार और उद्योग जगत, दोनों ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश के प्रदर्शन को सुधारने के लिए काफी पैसे लगाए हैं। हालांकि, भारत की खेल नीति के कुछ अन्य पहलू भी हैं। बेशक, इसका खेल के बुनियादी ढांचे के विकास और खेल व स्वास्थ्य सुविधाओं तक बच्चों की बेहतर पहुंच पर बहुत असर नहीं पड़ा हो। लेकिन इसने हमारे खेल प्रदर्शन को काफी अधिक सुधारा है। भले ही हमें पदक के मामले में अभी पीछे रहना पड़ रहा है। पिछले एक दशक में भारत में भी खेल राष्ट्रीय गौरव, वैश्विक रुतबे का विषय बना है। भारत ओलंपिक की मेजबानी हासिल करने के प्रयासों में लगा है। यही कारण है कि इस साल ओलंपिक में टोक्यो से भी बेहतर प्रदर्शन की इच्छा जताई गई थी। इसने किसी खिलाड़ी की सफलता में आत्म-गौरव और उनकी हार पर सामूहिक निराशा पैदा की, फिर चाहे वह विनेश फोगाट का ही मामला क्यों न हो। वास्तव में, विनेश फोगाट की अयोग्यता को राष्ट्रीय आपदा के रूप में देखने जैसी प्रतिक्रिया भारत में खेलों के प्रति बढ़ते प्रेम के साथ ही राष्ट्रवाद व ओलंपिक के संबंधों का ही एक रूपक है।

## संक्षिप्त समाचार

### नया रायपुर में स्थित बालको मेडिकल सेंटर के सभी डॉक्टरो व कर्मचारियों ने स्वतंत्रता दिवस पर 500 पौधों का वृक्षारोपण किया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नया रायपुर में स्थित बालको मेडिकल सेंटर, के सभी डॉक्टरो व कर्मचारियों ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 500 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। दिन की शुरुआत ध्वजारोहण समारोह के साथ हुई, जिसके बाद राष्ट्रगान और परेड हुई। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) की साझेदारी में आयोजित भारत सरकार के एक पेड़ मां के नाम अभियान के हिस्से के रूप में, 500 से अधिक पौधे लगाए गए। कर्मचारियों और उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो हरित भविष्य के निर्माण के लिए बीएमसी के समर्पण को दर्शाता है। इस स्वतंत्रता दिवस पर, हमने ऐसे कदम उठाए जो भविष्य पर सकारात्मक प्रभाव डालेंगे। वेदांत मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही ने कहा, एक पेड़ मां के नाम अभियान ने हमारे पूरे समुदाय को बेहतर कल की दिशा में काम करने के लिए एक साथ लाया है। विश्व स्तरीय कैंसर देखभाल प्रदान करने के अस्पताल के मिशन में कर्मचारियों के असाधारण योगदान के लिए उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, व इस अवसर पर कैंसर स्क्रीनिंग हेल्थ चेकअप पैकेज पर 65त्न की छूट की घोषणा की गई।

### डी.डी. नगर जैन मंदिर में लहराया तिरंगा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारत देश की आज़ादी को सेलिब्रेट करने वाले राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की 78वीं सालगिरह पर डी.डी.नगर स्थित श्री 1008 वासुपूज्य दिगंबर जैन मंदिर में गर्मजोशी, उल्लास व गरिमापूर्ण तरीके से तिरंगा फहराया गया। मंदिर के समूचे प्रांगण को तिरंगी आभा व सजावट से खूबसूरती से सजाया गया। श्री वासुपूज्य सेवा समिति और आदिश्वर महिला मंडल के द्वारा आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पार्षद मधु आशु चंद्रवंशी थीं। राष्ट्रगान की मधुर लहरियों के बाद सभी को मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर नरेश सिंघई, राजेश सिंघई, एम के जैन, शंशाक जैन, दीपक जैन, पवन सेठी, अंकुर जैन, आशीष जैन, अनुराग जैन, अशोक जैन, संजय जैन, प्रवीण संघी, वर्षा सिंघई, श्रद्धा जैन, वंदना जैन, अनीता जैन, आभा जैन, ऋचा जैन, ज्योति जैन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### जैन समाज के प्रकांड शिक्षाविद, दुर्गा कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. कमल कुमार बेगानी का निधन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ जैन समाज के पंडित रत्न, प्रकांड शिक्षाविद, अनेक जैन भजनों के रचयिता, जिन शासन की



अनमोल धरोहर, जैन धर्म के अनेकों ग्रंथो के जानकर, साधु साध्वी के प्रति अगाध श्रद्धा और भक्ति भाव रस की ओज वाणी के अवसान से पूरा जैन समाज स्तब्ध है, ऐसी महान आत्मा का आकस्मिक महाप्रयाण होना निश्चित ही गहरी क्षति है जिन शासन के दरबार का कमल जो कभी मुर्झा नहीं सकता हम सदैव इसको खिला रखेंगे, महावीर मित्र मण्डल, श्री महाकौशल जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ उन्हें भाव पूर्ण विनयाञ्जलि अर्पित करता है। डॉ कमल कुमार बेगानी, रिटायर्ड प्रोफेसर, पूर्व प्राचार्य दुर्गा कॉलेज, रायपुर का आकस्मिक निधन 15 अगस्त की रात करीब 12 बजे रायपुर में हो गया है। 16अगस्त 2024 को 11 बजे अंतिम यात्रा निवास स्थान, बूढ़ापारा सप्रे स्कूल के सामने, रायपुर से निकली व मारवाड़ी श्मशान घाट में अंतिम संस्कार सम्पन्न हुआ। वे अशोक के बड़े भाई व सम्प्रति के पिता थे। अंकित धाड़ीवाल नागपुर के ससुर जी थे।

### हाजी सलमान अली ज़िया करबलाई का निधन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मोमिन पारा निवासी मशहूर ओ मारूफ शायर, जाकिरे अहलेबैत और भारतीय स्टेट बैंक के रिटायर्ड अधिकारी हाजी सलमान अली ज़िया करबलाई का 78 साल की उमर में बतारीख 14.08.2024 को इंतकाल हो गया, जिनकी मैय्यत उसी दिन बाद नमाज़ ए जोहर मौदहापारा, रायपुर कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक की गई।

### दृढ़ इच्छाशक्ति से किए गए प्रयास सफलता अवश्य मिलेगी : कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कभी संसाधन छोटा या बड़ा नहीं होता न ही कोई प्रतियोगी परीक्षा बड़ी नहीं होती। यदि सकारात्मक भाव से दृढ़ इच्छाशक्ति के



साथ काम करेगें तो सफलता अवश्य मिलेगी और एक दिन देश और प्रदेश का नाम ऊँचा करेंगे। यह बात कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने गुजराती उच्चतर माध्यमिक शाला के छात्रसंघ परिषद के शपथ ग्रहण समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। कलेक्टर ने इस समारोह में छात्र परिषद के विभिन्न पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और विद्यालय के हित में निरंतर काम करने का आव्हान किया। डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि गुजराती शिक्षण संस्थान ऐसी शिक्षण संस्थान है जो समाज के हित में अनुकरणीय कार्य कर रही है। मुझे बताया गया कि यहां न्यूनतम शुल्क में मध्यम और निर्धन बच्चों को शिक्षण दी जाती है। इस संस्थान के प्रबंधन के सदस्यों को दोहरी जिम्मेदारी है जो व्यक्तित्व के साथ साथ समाज राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहें हैं।

## जिस दिन स्वार्थी नेता पैदा होता है, उसी दिन भ्रष्टाचार का जन्म हो जाता है : मुनि श्री नियमसागर जी महाराज



**विदिशा ( विश्व परिवार )।** जिस दिन स्वार्थी नेता पैदा होता है, उसी दिन भ्रष्टाचार का जन्म हो जाता है उपरोक्त उद्गार निर्यापक श्रमण मुनि श्री नियमसागर जी महाराज ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शीतलधाम में व्यक्त किये। मुनि श्री ने कहा पहले देश चलाने बाले राजा चकृवर्ती हुआ करते थे, जो कि पिछले भव में भौतिक सुख को त्याग कर संयम पथ पर निकल पड़ते थे और अगले भव में दिगंम्बर दीक्षा लेकर सिद्ध अवस्था को प्राप्त करता है। वर्तमान समय प्रजातंत्र का है प्रजातंत्र में नेता को आप भौतिक सुखों के लिये चुनते है, राजा स्वार्थी होगा तो प्रजा भी स्वार्थी होती है, नि:स्वार्थ व्यक्ति ही देश को चलाने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि जब परमार्थ के क्षेत्र में आगे बड़ते है तो सुख बड़ता जाता है, और दु:ख घटता जाता है मुनि श्री ने शनिग्रह की चर्चा करते हुये कहा कि आत्मा के लिये सबसे बड़ा शनि तो मोहनीय कर्म जैसे जैसे मोह बड़ता जाता है तो वह दु:ख ही देता है उस मोहनीय कर्म का पता लगाओ जब कारण पता चल जाता है, तो कार्य की सिद्धि हो जाया करती है मुनि श्री ने कहा कि अपने दु:ख के कारण को हमें खुद ही पकड़ना पड़ेगा उदाहरण देते हुये कहा कि आप डाक्टर के पास जाते है तो वह आपकी बीमारी पकड़कर आपको ठीक कर देता है हम भी आत्मा के डाक्टर है और आत्मा की बीमारियों को समझते है आपके चहरे से ही आपकी बीमारी पता चल जाती है चहरा यदि मुर्झाया हुआ है तो हम समझ लेते है कि यह आत्मा मोहनीय कर्म से ग्रसित है और दुख को भोग रहे है मुनि श्री ने कहा कि जैसे जैसे आप सुख साधन को बड़ाते चले जाते है तो आपको सुख मिलता है या दु:ख? सुख साधन बड़े है और यह आत्मा स्वतंत्रता को खोकर परतंत्र होती जा रही है, अपनी आत्मा को सुखी करना चाहते हो तो देव शास्त्र गुरु की शरण में जाकर समर्पित करना होगा तभी आपकी आत्मा स्वतंत्रता को महसूस कर सकती है। प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया मुनि श्री की बाणी को सुनने बाहर से श्रद्धालुओं का आना जारी है। प्रवचन के उपरांत शीतलधाम में राष्ट्रीय ध्वज फैराया गया जिसमें मुनि श्री संघ के साथ उपस्थित रहे एवं बड़ी संख्या में श्रावक उपस्थित थे। कार्यक्रम उपरांत सभी को मिष्ठान वितरित किया गया। **-अविनाश जैन**

## आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 : जीवन में विचार, वचन और व्यवहार को कोमल रखो : मुनिश्री प्रियदर्शी विजय जी




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** विवेकानंद नगर श्री संभवनाथ जैन मंदिर में जारी आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 की प्रवचनमाला में शुक्रवार को रायपुर के कुलदीपक तपस्वी रत्न मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी म.सा. ने कहा कि जीवन में व्यक्ति को व्यवहार कुशल होना चाहिए। जीवन में यह महत्व रखता है कि आपका दूसरों के साथ में व्यवहार, आपका वचन, आपके विचार कैसे हैं। ये भी आपके जीवन को दर्शाते हैं कि आपका जीवन क्रूरता से भरा हुआ है या कोमलता से भरा हुआ है। समाज या घर में आप किसी को अपने प्रभाव से दबाना चाहते हैं, हर समय में आप किसी बात को थोपना चाहते हैं तो समझ लीजिए की आपके जीवन में क्रूरता है, दयालुता नहीं।

मुनिश्री ने कहा कि कर्कश वचन आप जब दूसरों के सामने बोलते हो तो हो सकता है वह व्यक्ति उस समय आपसे दब जाए और आपकी बात स्वीकार कर ले, ऐसा घर के अंदर में भी लागू होता है। व्यवहार दो प्रकार से होता है, एक होता है किसी व्यक्ति को आप अपने व्यवहार से बाहर करके व्यवहार करो और दूसरा उसको अपने साथ में लेकर व्यवहार करो। जैसे सिर्फ वाक्य का फर्क है कि आप बोलोगे हमारे यहां ऐसा नहीं होता, हमारे यहां ऐसा ही चलेगा, इसके जगह ऐसा बोलो कि अपने यहां ऐसा नहीं होता, अपने यहां ऐसा करना चाहिए, दोनों में बहुत फर्क है। एक में परायापन है और दूसरे में अपनापन है। इस फर्क को समझ कर व्यवहार करने से आपका सम्बंध बना रहेगा। इसी फर्क को समझकर जीवन में लागू करना विशेषज्ञता है। मुनिश्री ने कहा कि कभी-कभी जीवन में ऐसी स्थिति भी होती है जब कड़क व्यवहार करना पड़ता है लेकिन हमेशा आपका ऐसा ही करना उचित नहीं है। जैसे कपड़ों में आयरन करते हैं तो आयरन करने से पहले कपड़े में पानी छिड़कते हैं, उसी तरह आप किसी के साथ सीधा कड़क व्यवहार करेंगे तो रिश्तों में दरार आ सकती हैं।

## स्वतंत्रता दिवस पर राजभवन में आयोजित हुआ 'स्वागत समारोह'




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यहां राजभवन में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियां शामिल हुईं। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल श्री डेका को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी उपस्थित थीं।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप, राजस्व, खेलकूद एवं युवक कल्याण, मंत्री श्री टंकराम वर्मा, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, सहित अन्य विधायकगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। समारोह में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित श्री मदन सिंह चौहान, श्रीमती शमशाद बेगम, डॉ. राधेश्याम बारले, सुश्री उषा बारले, श्री स्वामी जी.सी.डी भारती, श्री अनुज शर्मा उपस्थित थे। स्वागत समारोह में शहीदों के परिजन, वीरता पुरस्कार से सम्मानित पुलिस के अधिकारी, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली हस्तियां, ब्रम्हकुमारी बहनें मौजूद थीं। समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के आयुक्त श्री एन.के. शुक्ला, छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री धरमलाल कौशिक, पूर्व आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग डॉ. सुशील त्रिवेदी, पूर्व मुख्य सचिव श्री विवेक ढांढ, इतिहासकार डॉ. रमेन्द्रनाथ मिश्रा, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा, अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु पिल्ले, श्री सुब्रत साहू, श्री मनोज पिंगुआ, राज्यपाल के सचिव श्री यशवंत कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी.दयानंद, राज्यपाल के विधिक सलाहकार श्री भीष्म प्रसाद पाण्डेय, राज्यपाल की संयुक्त सचिव श्रीमती हिना अनिमेष नेताम सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, सेना के वरिष्ठ अधिकारीगण, विश्वविद्यालयों के कुलपति, मीडिया कर्मी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## आजादी के जश्न में डूबा अंचल, स्वतंत्रता दिवस पर दिखा गजब उत्साह



**आरंग ( विश्व परिवार )।** संपूर्ण देश में 78वें स्वतंत्रता दिवस को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मनाया गया। जिसके तहत् 9 से 15 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह के रूप में मनाते हुए विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में तरह-तरह के देशभक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किया गया।वहीं इस बार पूरे अंचल देशभक्ति के जश्न में डूबा नजर आया। आरंग सहित ग्रामीण अंचल में भी हर घर तिरंगा अभियान के तहत घर घर तिरंगा लगाया गया।गली मोहल्लों को तिरंगा से सजाया गया। सप्ताह भर तक देशभक्ति गीत गुंजती रही?। जगह जगह तिरंगा रैलियां निकालीं गई। वहीं स्वतंत्रता दिवस पर ग्राम चरौदा में स्कूली बच्चों में गजब का उत्साह दिखा।हर वर्ष इस ग्राम में राष्ट्रीय पर्व को अलग ही अंदाज में मनाया जाता है। यहां के वरिष्ठ शिक्षक महेन्द्र पटेल ने बताया ग्राम के आठ चौक चौराहों के नाम देशभक्तों के नाम पर रखा गया है।लोग अपने घर के दीवारों को भी तिरंगा रंगो से रगाने लगे हैं। ग्रामीण भी राष्ट्रीय पर्व में बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। बच्चों की रैलियों में शामिल होकर ग्राम के हर मोहल्ले में ध्वजारोहण करते हैं।

## चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने राज्य कर आयुक्त पुष्पेन्द्र कुमार मीणा को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी के नेतृत्व में चेम्बर का प्रतिनिधि मंडल ने माननीय श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा जी, राज्य कर आयुक्त, छत्तीसगढ़ शासन से मिलकर ईज डूइंग बिजनेस के तहत ई-वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना क्रमांक 10-31/2018/वाक/पांच(46) को यथावत रखने तथा छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान अधिनियम, 2023 (सरल समाधान योजना) की अवधि 31.12.2024 तक बढ़ाने ज्ञापन सौंपा।

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर परवानी जी ने बताया कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत ई-वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना को यथावत रखने चेंबर ने माननीय श्री श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा जी, राज्य कर आयुक्त जी को ई-वे बिल की संख्या एवं अनुपालन से संबंधित बढ़ती जटिलताओं की जानकारी दी कि कैसे वर्तमान में प्राप्त छूट हटने के कारण प्रतिदिन ई-वे बिल की संख्या में वृद्धि हो रही है। जिसके कारण जीएसटी विभाग पर अतिरिक्त कार्यभार बढ़ेगा साथ ही साथ इज ऑफ डूइंग बिजनेस के उदेश्य को क्षति भी हो रही है। साथ ही छोटे व्यापारियों को विभिन्न प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में प्रथम इंडस्ट्री-एकेडेमिया मीट संपन्न



**फूड इंडस्ट्री के उद्योगपतियों से रूबरू हुए फूड टेक्नोलॉजी के विद्यार्थी**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत संचालित खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में नई शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत बी.टेक फूड टेक्नालॉजी के विद्यार्थियों को उद्योग जगत की आवश्यकताओं तथा संभावनाओं से रूबरू कराने के लिए प्रथम इंडस्ट्री एकेडेमिया आयोजित की गई। इसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों जैसे इन्डस मेगा फूड पार्क, गोयल फूड्स, आकृति सुपर स्नेक्स, मनोरमा इंडस्ट्री लिमिटेड, केपस आईसक्रीम, सी जी सोया फूड्स, देवकान फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, अजय फूड्स, रामांजली आर्गेनिक्स, अमूल, साई सदन फूड प्रोसेसिंग, क्रिस्पस क्राप डिलाईट्स प्राइवेट लिमिटेड, बोंजेलो आदि के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस एकेडेमिया में विभिन्न विषयों जैसे बायोकेमेस्ट्री, बायोटेक्नोलॉजी, फूड टेक्नॉलाजी, फूड इंजीनियरिंग, डेयरी इंजीनियरिंग, माइक्रो बायोलाजी, कृषि व्यवसाय प्रबंधन, इंजीनियरिंग केमेस्ट्री, इलेक्ट्रिल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस आदि के विशेषज्ञ शामिल हुए।

## आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज घटना पर एम्स रायपुर के फैकल्टी और रेजिडेंट्स ने एकजुटता दिखाई और कड़ी निंदा की



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में हुई दुखद घटना के जवाबमें, एम्स रायपुर के छात्र और रेजिडेंट डॉक्टरों ने 16 अगस्त 2024 की सुबह 8 बजे से नियोजित सेवाओं (ओपीडी और नियोजित कार्य) को निलंबित कर देशव्यापी शांतिपूर्ण विरोध में भाग लिया है, जबकि आपातकालीन सेवाएं अनवरत जारी रखी गई हैं। रेजिडेंट डॉक्टर इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के प्रति अपनी गहरी चिंता और एकजुटता व्यक्त कर रहे हैंऔर चिकित्सा पेशेवरों की सुरक्षा और कल्याण को तत्काल संबोधित करने की आवश्यकता को पहचान रहे हैं। उनकी भागीदारी का उद्देश्य आवश्यक चिकित्सा सेवा बाधित किए बिना चिकित्सा पेशेवरों के लिए बेहतर सुरक्षा उपायों का समर्थन करना है।एम्स रायपुर के फैकल्टी एसोसिएशन ने भी 9 अगस्त 2024 को कोलकाता के आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज में हुई इस दुखद घटना पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त किया है। फैकल्टी एसोसिएशन आर. जी. कर और पूरे भारत में अपने सहयोगियों के साथ एकजुटता में खड़ा है और इस जघन्य कृत्य की निंदा करता है। वे अधिकारियों से आग्रह करते हैं कि त्वरित कार्रवाई कर न्याय सुनिश्चित करें और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

## विभाजन की विभीषिका पर एसबीआई एवं लीडबैंक द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया




**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में भारतीय स्टेटबैंक मुख्य शाखा एवम लीड बैंक शाखा के सौजन्य से विभाजन की विभीषिका पर विविध कार्यक्रम एवम फ़ोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आयोजन पर प्रकाश डालते हुए लीड बैंक अधिकारी विनय चौहान एवम मुख्य अतिथि मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक देवेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि 14 अगस्त 1947 को भारत की आजादी और विभाजन की घोषणा के साथ ही जहां एक ओर आजादी के जश्न की तैयारी शुरू हुई वही दूसरी ओर भारत विभाजन की विभीषिका में लोग बेघर हुए व लोगों को अपनी जान तक गवानी पड़ी। भारत का विभाजन सिर्फ देश का विभाजन नही था, यह मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक था।इस अवसर पर कुर्बान हुए लोगो को विनम्र श्रद्धाजंलि दी गई। आज की युवा पीढ़ी को बताया गया कि आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कल्पना उपाध्याय ने बैंक के इस कार्यक्रम को प्रासंगिक व सार्थक प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि विभाजन का दंश झेलने वाली पीढ़ी ने जो वेदना सही है उसे वर्तमान व आने वाली पीढियां कभी नही भूलेंगी। यह दिन हमे बताता है कि हमे गलतियों की पुनरावृत्ति नही होने देना है।

महाविद्यालय की छात्राओं ने देश भक्ति पूर्ण सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। भावपूर्ण गीत व वक्तव्य दिए गए। छात्राओं ने विभाजन की विभीषिका पर आयोजित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया व भावविभोर हुई। आयोजको की ओर से सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ सुनीता त्यागी ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्राध्यापक रोशनी लता राकेश, सूर्यकांत साहू, मंजू अग्रवाल, पूर्व जन भागीदारी सदस्य प्रो एस एम पाध्ये, विवेकानंद महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ नम्रता सराफ सहित महाविद्यालय प्राध्यापक गण व महाविद्यालय के विभिन्न संकायों की 150 से अधिक छात्राएं उपस्थित थीं।

## झांसी में श्री भगवान महावीर करुणास्थली जैन मंदिर में चोरी

**भगवान महावीर और सिद्ध परमेष्ठि की अष्टधातु की मूर्तियां चोरी**



**झांसी ( विश्व परिवार )।** बुंदेलखंड की जैन समाज सहित जन-जन की आस्था के केन्द्र झांसी महानगर के मेडिकल क्षेत्र स्थित भगवान महावीर करुणास्थली जैन मन्दिर से अष्टधातु की (सिद्ध परमेष्ठि व महावीर भगवान) मूर्तियां, सिंहासन, छत्र, पंचमेरू, अष्ट प्रातिहार्य सहित गुरुवार 15 अगस्त 2024 की रात्रि लगभग 1 बजे के आसपास चोरी हो गई हैं। जिसके बाद बुंदेलखंड की जैन समाज में काफी रोष व्याप्त हो गया है। धर्मस्थल में हुई चोरी की घटना से आहत हुई जैन समाज ने वरिष्ठ समाजसेवी डॉ संदीप सरावगी के नेतृत्व व सकल जैन समाज के अध्यक्ष अजित कुमार जैन की अध्यक्षता एवं भारत विकास परिषद् विवेकानंद शाखा के अध्यक्ष सौरभ जैन सर्वज्ञ के संयोजन में श्री योगी आदित्यनाथ जी माननीय मुख्यमंत्री के नाम सैंकड़ों हस्ताक्षर युक्त संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय को सौंपा। ताकि शीघ्र अति शीघ्र अल्पसंख्यक जैन समाज अपने आस्था के प्रतीक श्रीजी के जिनबिम्ब (मूर्तियां), सिंहासन, छत्र, पंचमेरू, अष्ट प्रातिहार्य आदि प्राप्त कर भव्यता के साथ उन्हें मन्दिर जी में पुन: विराजमान कर पूजा अर्चना कर सकें।

इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष समाजसेवी डॉ संदीप सरावगी ने कहा कि जब पूरा देश स्वतंत्रता दिवस महोत्सव मना रहा था तब हमारे नगर की जैन समाज अपने आराध्य प्रभु की मूर्ति के चोरी हो जाने पर दु:खी हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री जी से आग्रह किया की जैसे हर बड़ी घटना का खुलासा 24 घंटे में हो रहा है वैसे ही चोरी की इस घटना जा पर्दाफाश हो।

ज्ञापन देते समय जैन समाज के प्रतिनिधि सौरभ जैन सर्वज्ञ ने कहा कि जैन समुदाय को भारत के राजपत्र के द्वारा 27 जनवरी 2014 को अल्पसंख्यक अधिसूचित किया गया था। भारत के संविधान में अल्पसंख्यकों के लिए पृथक से संवैधानिक प्रावधान हैं, जिसके अंतर्गत प्रदेश सरकार का ये दायित्व है कि वह अल्पसंख्यक वर्ग के धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक स्थलों एवं धार्मिक अधिकारों की सुरक्षा संरक्षण प्रदान करने हेतू समुचित व्यवस्था करें। भगवान की मूर्ति चोरों को पकड़कर जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबार्ड जिला विकास प्रबंधक कार्यालय का हुआ शुभारंभ

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** नाबार्ड जिला विकास प्रबंधक कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार नाबार्ड के तत्वाधान में विगत 13 अगस्त को जिले में अपने नए कार्यालय का उद्घाटन विधायक श्री. चैतराम अटामी के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक श्री. शिवराम बघेल,जिले के विविध विभागों के अधिकारी, विविध बैंक के अधिकारी, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, किसान उत्पादक संगठनों के संचालक, सयं समूहों की महिलाएं इत्यादि उपस्थित रहे। इस अवसर पर नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक श्री. संतोष रामटेके, ने नाबार्ड के नए कार्यालय के जिले में शुभारंभ की मंशा को विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि यह नया कार्यालय इस क्षेत्र के विकास को गति देने में महत्वपूर्ण कार्य करेगा। इसके तहत विविध गतिविधियों जिले में आधारभूत सरंचनाओं, विकासात्मक योजनाए, किसान ऋण, सयं सहायता संघ, इत्यादि कार्यक्षेत्र रहेगे। इस मौके पर विधायक श्री चैतराम अटामी ने नाबार्ड के नए कार्यालय की शुरुआत के लिए नाबार्ड को बधाई दी। उन्होंने नाबार्ड के प्रयासों को पूरा सहयोग करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि नाबार्ड की सहायता से जिले में किसानों को सोलर पंप दिए गए है, जो किसानों को खेती की सिंचाई के लिए मददगार साबित हुए है। अंत कार्यक्रम के अन्त में नाबार्ड के सहायक महाप्रबंधक द्वारा उपस्थित सभी अतिथि, अधिकारी गण और मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया गया।

### जेण्डर संवेदीकरण पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन''बिहान''गरियाबंद के तहत् कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन व सीईओ जिला पंचायत के नेतृत्व में एक दिवसीय जिला स्तरीय जेण्डर संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन विगत दिवस जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में जेण्डर आधारित भेदभाव की रोक पर समझ विकसित करना व जेण्डर कार्यक्रम के क्रियाकलाप पर विस्तृत चर्चा करना था। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस प्रशासन,स्वास्थ्य विभाग,कौशल विभाग,प्रदान संस्था,चौतन्य संस्था के प्रतिनिधि उपस्थिति होकर कार्यक्रम को संबोधित किया गया। कार्यक्रम में जेण्डर अंतर्गत कार्य कर रहे जेण्डर पाइण्ट पर्सन,सखी मंच के सदस्य, सोशल एक्शन कमेटी के सदस्य,ग्राम संगठन व संकुल स्तरीय संगठन के पदाधिकारियों ने प्रतिभागिता की। दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है। जिसमें ग्रामीण गरीब महिलाओं को गरीबी उन्मूलन हेतु स्व-सहायता समूहों में संगठित कर विभिन्न आजीविका गतिविधियों के माध्यम से जोड़कर निरंतर कार्य किया जा रहा है। यह योजना इस उद्देश्य से बनाया गया है कि बड़े पैमाने पर गरीबी दूर करने के लिए ग्रामीण गरीब परिवारों को स्व-सहायता समूहों में संगठित कर उनके क्षमता विकास,वित्तीयसहयोग तथा विभिन्न आजीविका संसाधनों के माध्यम से लाभान्वित किया जा सकें। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन गरीबी के साथ-साथ आय अथवा आर्थिक समझ के साथ-साथ लिंग,जाति एवं वर्ग के आधार पर महिलाओं द्वारा सामना किये जाने वाले जेण्डर भेदभाव के कारण एवं उसके प्रभाव के रूप में गरीबी को पहचानना व इस पर कार्य किया जाता है। समाज में समुदाय की वंचित महिलाओं पर जेण्डर भेदभाव तथा उनके ऊपर होने वाले हिंसा एवं सामाजिक बहिष्कार इत्यादि मुद्दों के कारण सकारात्मक दृष्टिकोण और स्वयं की पहचान नहीं बन पाती है। इस कारण स्व-सहायता समूह में सबसे कमजोर परिवारों को सम्मिलित करके इस व्यापक लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि महिलाओं में आत्मविश्वास, सकारात्मक दृष्टिकोण, समाज में उनकी पहचान और स्थान बनाने में वे सक्षम हो सकें। जेण्डर भेदभाव दूर करने हेतु सामुदायिक स्तर पर मिशन अंतर्गत एक सुनियोजित जेण्डर संरचना स्थापित किया गया है जिसके अंतर्गत संकुल स्तर पर संकुल स्तरीय संगठन एवं सामाजिक कार्यकारिणी समिति, ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम संगठन, सखी मंच एवं जेण्डर फोरम तथा समूह स्तर पर जेण्डर प्वाइंट पर्सन इत्यादि सम्मिलित है। यह संस्थागत संरचना मुख्य रूप से जेण्डर भेदभाव के मुद्दों को पहचानने,स्वीकार करने एवं संबोधित करने के साथ-साथ समाज में महिलाओं की स्थिति को ऊपर उठाने हेतु कार्य करते है। यह संस्था महिलाओं की सामूहिक शक्ति से महिलाओं के अधिकारों,सुरक्षा और संरक्षण को सुनिश्चित करता है तथा समाज में गरीब एवं वंचित महिलाओं के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव करते है। कार्यक्रम में सखी सेंटर के प्रतिनिधियों द्वारा महिला के अधिकार व कानून के बारे में एवं सखी सेंटर की कार्यशैली के बारे में विस्तृत से बताया गया एवं वर्तमान में हुए कानूनी बदलाव के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। प्रदान संस्था से अरूणा मिंज एवं चौतन्य संस्था से प्रतिनिधि के रूप में ममता ने जेण्डर की कार्ययोजना व रणनीति पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से डीपीएम-गेब्रियल जॉन वाईक्लिफ आशीष सिंह एवं रमेश वर्मा उपस्थित थे।

# सांसद कश्यप ने दंतेवाड़ा में किया ध्वजारोहण

## नक्सली पुनर्वास योजना अंतर्गत 5 नक्सल पीड़ित परिवार को मिली अनुकम्पा नियुक्त



**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** जिले में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ उत्साहपूर्वक गरिमामय वातावरण में मनाया गया। समारोह जिला मुख्यालय शासकीय हाई स्कूल मैदान में आयोजित किया गया था। इस समारोह के प्रारंभ में मुख्य अतिथि बस्तर सांसद महेश कश्यप का कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी और पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने प्रात: 9 बजे दंतेवाड़ा जिले के शासकीय हाई स्कूल मैदान में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के धुन के साथ राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। ध्वजारोहण के पश्चात् मुख्य अतिथि द्वारा हर्ष एवं उल्लास के प्रतीक तिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गये और शांति के प्रतीक श्वेत कबूतर उड़ाये गये। इसके साथ ही कश्यप ने स्वतंत्रता दिवस पर माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया तथा सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा नक्सली उन्मूलन अभियान में शहीद जवानों के परिजनों को शॉल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में मार्च पास्ट में शामिल टुकडियों में शामिल सी.आर.पी.एफ. छ.ग. सशस्त्र बल 9वीं वाहिनी, जिला पुलिस बल,पुरुष बस्तर फाईटर्स, महिला बस्तर फाईटर्स,महिला पुलिस बल,नगर सैनिक, एन.सी.सी., स्काउट हायर.से. स्कूल दंतेवाड़ा,गाइड हायर.से. स्कूल दंतेवाड़ा, गाईड स्वामी आत्मानंद आंवराभाटा,गाइड सरस्वती शिशु मंदिर दंतेवाड़ा के नेतृत्व में दल ने भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित परेड में पुलिस जवानों के साथ कदम से कदम मिलाए। इसके अलावा गायत्री विद्यापीठ दंतेवाड़ा द्वारा ''जयतो जयते भारत'', शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गीदम द्वारा ''मेरे भारत'', सक्षम विद्यालय जावंगा द्वारा ''कितलो सुन्दर आसे आमचो बस्तर'', एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण द्वारा ''देष रंगाली'', कन्या शिक्षा परिसर पातरास द्वारा ''भारत माता की जय,'' शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा द्वारा ''वन्दे भारत'', आदर्श बालक आवासीय विद्यालय दंतेवाड़ा द्वारा ''गोविन्द बोलो हरी'' और कस्तूरबा आवासीय विद्यालय दंतेवाड़ा द्वारा ''अब के बरस तुझे धरती की रानी'' जैसे धुनों एवं राष्टीय एकता से ओत प्रोत नृत्य गान प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य आकर्षण का केन्द्र बना घुड़सवारी इसके अलावा आस्था विद्या मंदिर और सक्षम आवासीय विद्यालय के बच्चों द्वारा घुड़सवारी के करतब का भी मनमोहक प्रदर्शन किया गया। जिसमें उपस्थित जनसमूह की खूब तालिया बटोरी। इसी मार्च पास्ट परेड के लिए सीआरपीएफ बल को प्रथम पुरस्कार, महिला बस्तर फाईटर्स को द्वितीय पुरस्कार और तृतीय स्थान पुरुष बस्तर फाइटर्स को मिला। आस्था विद्या मंदिर बैंड की धुन के लिए विशेष पुरस्कार दिया गया।

## स्वतंत्रता दिवस पर बालगृह कोण्डागांव में राजेंद्र निगम ने किया ध्वजारोहण



**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** स्वतंत्रता दिवस पर छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित बालगृह (बालिका), कोण्डागांव में राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद परिषद के संयुक्त सचिव राजेन्द्र कुमार निगम ने ध्वजारोहण किया साथ ही उपस्थित सभी लोगो ने राष्ट्र गान गाया। बालगृह (बालिका) की बालिकाओं जिनमे कु नीलिमा नेताम , कु प्रिया सोना , कु हेमबती नाग, कु राजेश्वरी मरकाम , कु लिकेस्वरी नेताम ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत अन्य बालिकाओं द्वारा गीत, समूह नृत्य प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अपने संबोधन में राजेन्द्र कुमार निगम ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से उद्योग जगत, व्यापार जगत एवं किसानों के कठिन परिश्रम से भारत आज विश्व की पांचवी आर्थिक शक्ति बन गया है , और हम जल्दी ही तीसरी आर्थिक शक्ति बन जाएंगे । भारत विश्व गुरु बनने की दिशा में तीव्र गति से अग्रसर है। बालगृह की अधीक्षिका श्रीमति मणि शर्मा ने भी बच्चो से अच्छे आचरण करते हुए देश की प्रगति में अपना योगदान देने की बात कही , विशेष अतिथि समाज सेवी टंकेश्वर पाणीग्रही ने भी संबोधित किया। संस्था मे सभी को मिष्ठान वितरण किया गया । इस अवसर पर बालगृह के समस्त कर्मचारी और बालिकाएं उपस्थित रहे।

## निक्षय दिवस पर ग्राम कुटरेम में स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** निक्षय दिवस का आयोजन पर जिला प्रशासन द्वारा पिरामल फाउंडेशन द्वारा ग्राम वासियों को किया क्षय रोग से जागरूक किया गया। जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला क्षय अधिकारी के मार्गदर्शन में पहुंचवहीन क्षेत्र विकासखण्ड कुआॅकोण्डा अतंर्गत ग्राम पंचायत ''कुटरेम'' में स्वास्थ्य शिविर व निक्षय दिवस का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित ग्राम वासियों का सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी नपूर मंडल, मितानिन प्रशिक्षक, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के सहयोग से 22 बीपी. शुगर, टीबी, 12 मलेरिया एवं अन्य जांच व उपचार साथ में 5 आयुष्मान पंजीयन, 03 ई-संजीवनी के माध्यम मरीजों का उपचार किया गया। प्राथमिक शाला में शिक्षक के सहयोग से 15 बच्चों का मलेरिया की जांच की गई जिसमें 02 पॉजिटिव मरीजों का भी प्राथमिक उपचार किया गया निक्षय दिवस का आयोजन पर पिरामल फाउंडेशन से जिला कार्यक्रम अधिकारी रवि प्रताप सिंह द्वारा क्षय रोग की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि क्षय एक संक्रामक बीमारी है जो कि हवा के माध्यम से सक्रिय जीवाणु एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को संक्रमित करते है। मुख्य रूप से क्षय दो प्रकार के होते है ''ए पल्मोनरी एक्स्ट्रा पल्मोनरीए'' क्षय रोग से संक्रमित व्यक्ति में लक्षण अनुसार लगातार दो सप्ताह में ज्यादा खांसी, शाम को तेज बुखार आना, भूख कम लगना, लगातार वजन घटना, छाती में दर्द होना, रात को पसीना आना, बलगम के साथ खून आना इत्यादि शामिल है। इस बीमारी का सभी शासकीय अस्पताल में या निजी चिन्हित अस्पतालों में इसका निशुल्क इलाज होता है और मरीज कम से कम 6 माह तक इसकी दवाई डॉट्स का सेवन करने से बीमारी से छुटकारा पा सकते है।

## राष्ट्रीय कृषि विकास योजना से दिनेश कोर्राम हो रहा आर्थिक रूप से सशक्त

**नारायणपुर(विश्व परिवार)।** जिले के ग्राम आतरगांव निवासी दिनेश कोर्राम, पिता संतुराम, जो खेती किसानी करके अपने एवं परिवार का पालन पोषण कर जीवन यापन कर रहे थे। जब उनको उद्यानिकी विभाग की संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी मिली। विभागीय योजनाओं के विस्तार से जानकारी लेने के बाद उन्होंने उद्यानिकी के क्षेत्र में कार्य करना शुरू किया। धीरे-धीरे उनकी मेहनत और विभागीय योजनाओं से मिले लाभ का नतीजा सामने आने लगा है। दिनेश कोर्राम ने 0.50 हेक्टेयर रकबा में उन्नत तकनीक से भिण्डी, करेला एवं उन्नत बीज का प्रयोग किया, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई। किसान दिनेश कोर्राम को अब धान्य फसलों की तुलना में वर्षभर में तीन से चार गुना अधिक आय प्राप्त हो रहा है। दिनेश कोर्राम ने बताया कि वह हमेशा धान की फसल लगाता था, उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों के द्वारा सब्जी की खेती करने का सुझाव दिया गया। दिनेश कोर्राम उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन से भिण्डी, करेला, खट्टाभाजी की खेती करना शुरू किया। दिनेश को खेती में 60 हजार से 70 हजार रूपए की आमदनी प्राप्त हुआ है और उनकी घर की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। जिसे देखकर आसपास कृषक भी उद्यानिकी की खेती कर रहे है।

## सकारात्मक ऊर्जा और सोच के साथ जिले के विकास में सहयोगी बने : कलेक्टर

### आत्मविश्वास मेहनत और लगन से कार्य करें नकारात्मक विचारधारा से दूर रहे सफलता निश्चित मिलेगी - एसपी

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** जिला प्रशासन के अभिनव पहल पर आयोजित 10 दिवसीय सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर का प्रशिक्षण संपन्न होने पर प्रशिक्षुओं को प्रशस्ति पत्र एवं माईक प्रदान किया गया। इस दौरान कलेक्टर अनुराग पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने प्रशिक्षु युवाओं से विचार विमर्श एवं संवाद स्थापित किया जिससे प्रशिक्षु युवाओं ने अपनी जिज्ञासा शांत किया। इस दौरान कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने सकारात्मक सोच और ऊर्जा के साथ कार्य करने एवं जिले के बारे में फैले भ्रांतियों को दूर कर सकारात्मक वातावरण को भी सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित करने एवं जिले के उपलब्धियों यहां के विशुद्ध संस्कृति, सभ्यता, परंपरा एवं जीवन शैली को भी सोशल मीडिया में स्थान देकर देश एवं राज्य स्तर बने नकारात्मकता को दूर करने का कार्य करने को कहा। शासन-प्रशासन और आम जनता के बीच माध्यम बनकर शासन की सभी योजनाओं का व्यापक स्तर पर समुचित लाभ जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में युवाओं का योगदान बहुत आवश्यक है। इसलिए सभी मेहनत, लगन के साथ कार्य करें और जिले को विकास की ओर ले जाने में अपनी महती भूमिका दे। पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने आत्मविश्वास, मेहन और लगन में अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने एवं नकारात्मक सोच और विचारधारा से दूर रहने का संदेश दिया है। आज मीडिया के बहुत से संसाधन है शासन-प्रशासन की गतिविधियों पर पारदर्शिता बरती जाती है। इसलिए नकारात्मक विचारधारा से दूर रहकर स्वयं के मेहनत पर भरोसा करने और पूरी लगन के साथ मेहनत करें। स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि तीन बार पीएससी और तीन बार यूपीएससी की परीक्षा उर्त्तीण की है जिसमें सिर्फ सकारात्मक सोच कड़ी मेहनत और ईमानदारी ही काम आया।

# बीजापुर में विधायक विक्रम उसेंडी ने बीजापुर में किया ध्वजारोहण



**बीजापुर(विश्व परिवार)।** आजादी के महापर्व 78वें स्वतंत्रता दिवस को पूरे जिले में गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम मिनी स्टैडियम में मुख्य अतिथि अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथ द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी का जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया, तत्पश्चात हर्ष के प्रतीक रंगबिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े गए। समारोह स्थल में उपस्थित नक्सली उन्मूलन अभियान में शहीद हुए जवानों के परिजनों को मुख्य अतिथि द्वारा शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने मीसाबंदी से मिलकर उनका भी सम्मान किया तथा कुशल क्षेम पूछा तत्पश्चात जिले के अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य का प्रदर्शन करने वाले अधिकारी-कर्मचारी को प्रशस्ति पत्र से सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। जिसमें पुलिस के जवान, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभागीय गतिविधियों में सराहनीय योगदान देने वाले अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे। कार्यक्रम में परेड दल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टीम को पुरस्कार से सम्मानित किया। जिसमें सीनियर परेड दल बस्तर फाईटर महिला को प्रथम स्थान मिला, सीआरपीएफ को द्वितीय एवं जिला पुलिस बल महिला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर परेड दल में स्काऊट को प्रथम स्थान, एनसीसी को द्वितीय स्थान एवं गाईड को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति स्कूली विद्यार्थियो द्वारा की गई जिसमें स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा हम कथा सुनाते राम सकल गुण गान गीत पर सुंदर प्रस्तुतिकरण हेतु प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। एकलव्य विद्यालय बीजापुर को आदिवासी जंगल रखवाला गीत पर द्वितीय स्थान एवं कन्या रेसीडेंसियल स्कूल बीजापुर को बस्तरिया लोकनृत्य पर तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सथी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं सम्मान के साथ मुख्यअतिथि विक्रम उसेंडी, कलेक्टर अनुराग पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने सामूहिक फोटोग्राफी भी कराई। मुख्य कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, नगरपालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया सहित जिला एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि, नगरपालिका के पार्षदगण, नागरिक जी वेंकट, श्रीनिवास मुदलियार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ताजुद्दीन आसिफ, डीएफओ रामकृष्णा, एडिशनल एसपी वैभव बैंकर, उपनिदेशक इन्द्रावती टाईगर संदीप बल्गा, एडिशनल एसपी चन्द्रकांत गवर्ना, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा स्कूली विद्यार्थी एवं जन सामान्य उपस्थित थे।

## व्यापार समाचार

### रियलमी ने विश्व के सबसे तेज चार्जिंग इनोवेशन, 320 वॉट के सुपरसोनिक चार्ज के साथ 4 मिनट में स्मार्टफोन चार्ज करने का चमत्कार किया

**नई दिल्ली** – भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय ब्रांड, रियलमी ने आज अपनी नैक्स्ट जनरेशन की 320 वॉट चार्जिंग टेक्नोलॉजी पेश की, जो उद्योग में मानकों को बदल देगी। 320 वॉट के सुपरसोनिक चार्ज के साथ पॉवर, सुरक्षा और एफिशियंसी में अत्याधुनिक प्रगति हासिल हुई है, जो फास्ट चार्जिंग को नई ऊँचाईयों पर ले जाएगी, और पूरे उद्योग में यूज़र के अनुभव को बदल देगी। 320 वॉट के अत्याधुनिक सुपरसोनिक चार्ज के अलावा रियलमी ने अपनी नंबर सीरीज़ में नया स्मार्टफोन – रियलमी 13 सीरीज़ 5जी भी पेश किया है। रियलमी ने साफ कर दिया है कि नई नंबर सीरीज़ में 'परफॉर्मेंस' पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह परिवर्तन उन ग्राहकों की विकसित होती हुई जरूरतों को पूरा करने के लिए किया गया है, जिन्हें अपने स्मार्टफोन में ज्यादा मल्टीटास्किंग क्षमता, बेहतर गेमिंग अनुभव और ओवरऑल रिस्पॉन्सिवनेस चाहिए। 320 वॉट के सुपरसोनिक चार्ज के साथ रियलमी ने फास्ट-चार्जिंग के क्षेत्र में एक और मानक स्थापित किया है। इससे पहले ब्रांड ने फरवरी 2023 में रियलमी जीटी3 के लॉन्च के साथ 240 वॉट का चार्जर पेश किया था। इस अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी ने दुनिया में 320 वॉट की सबसे तेज चार्जिंग पेश की है। 320 वॉट का यह चार्जर दुनिया का सबसे तेज चार्जर है, जो स्मार्टफोन को केवल 4 मिनट 30 सैकंड में पूरा चार्ज करके एक जबरदस्त मानक स्थापित कर रहा है। यह 320 वॉट का चार्जर केवल एक मिनट में डिवाईस को 26 प्रतिशत क्षमता तक चार्ज कर देता है और 2 मिनट से कम समय में स्मार्टफोन 50 प्रतिशत से ज्यादा चार्ज हो जाता है।

### डिवाइन सॉलिटेयर ने बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर को सॉलिटेयर फेस्टिवल ऑफ इंडिया कैंपेन का चेहरा बनाया है

**मुंबई:** प्रमुख डायमंड सॉलिटेयर ज्वैलरी ब्रांड, डिवाइन सॉलिटेयर्स, को जिसने एक सप्ताह पहले बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर के साथ मिलकर द सॉलिटेयर फेस्टिवल ऑफ इंडिया (टीएसएफआई) के तीसरे संस्करण का अनावरण किया था, को-पार्टनर ज्वैलर स्टोर्स और ग्राहको से पहले ही सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल चुकी है। इसके पिछले दो संस्करणों में उत्सव के दौरान खरीदारी करने वाले ग्राहकों द्वारा 12500 से अधिक उपहार दिए गए और जीते गए। इस साल भी उपभोक्ताओं में काफी उत्साह है, खासकर बजट के बाद सोने की कीमतों में गिरावट आई है और हीरे भी सस्ते हो गए हैं। टीएसएफआई, जिसे भारत के सबसे बड़े डायमंड सॉलिटेयर प्रमोशन के रूप में जाना जाता है, भारत भर के 100+ शहरों में डिवाइन सॉलिटेयर्स के 200+ पार्टनर ज्वैलर स्टोर्स और उनके ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर चल रहा है, जो शानदार डिजाइनों में सेट दुनिया के बेहतरीन डायमंड सॉलिटेयर्स प्रदर्शित करता है। केवल 20,000 रुपये और उससे अधिक कीमत पर शुरू होने वाले, ये शानदार प्राकृतिक हीरे के सॉलिटेयर संग्रह त्योहार और शादी के मौसम से पहले अलग-अलग बजट वाले ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। डिवाइन सॉलिटेयर्स, जो अपने उत्पादों पर कभी छूट नहीं देता है, और वे हमेशा अपने राष्ट्रव्यापी मानक स्टिकर कीमतों पर बेचे जाते हैं, अपने ग्राहकों को पुरस्कृत करने और उन्हें पुरस्कार और उपहारों से प्रसन्न करने के लिए हर साल अगस्त में यह प्रमोशन लाता है।

### वी ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में लॉन्च किया 'वी गारंटी' प्रोग्राम स्मार्टफोन यूज़र्स को 130 जीबी अतिरिक्त हाई-स्पीड डेटा के साथ बनाया सशक्त

**रायपुर।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने अपने प्रीपेड यूज़र्स के लिए लिमिटेड पीरियड ऑफर 'वी गारंटी प्रोग्राम' का लॉन्च किया है। यह नई पहल सभी 5जी एवं नए 4जी स्मार्टफोन उपभोक्ताओं को बिना किसी रूकावट के हाई स्पीड डेटा उपलब्ध कराएगी। वी के यूज़र एक साल के लिए 130 जीबी गारंटीड एक्स्ट्रा डेटा ओवर का लाभ उठा सकेंगे, यानि लगातार 13 सायकल्स के लिए हर 28वें दिन 10 जीबी डेटा उनके अकाउन्ट में ऑटोमेटिकली क्रेडिट हो जाएगा। इस एक्स्ट्रा डेटा ऑफर का लाभ उठाने के लिए वी के यूज़र्स को रु 299 या अधिक का डेली डेटा अनलिमिटेड प्लान लेना होगा। यूज़र मौजूदा डेटा कोटा खत्म होने के बाद ही इस एक्स्ट्रा डेटा का उपयोग कर सकेंगे। यह ऑफर वी के उन उपभोक्ताओं के लिए वैद्य है जिनके पास 5जी स्मार्टफोन है या जिन्होंने हाल में नए 4जी स्मार्टफोन पर अपग्रेड किया है। भारत के ज़्यादातर स्मार्टफोन यूज़र पर्याप्त मात्रा में डेटा न मिलने के कारण अपनी 4 जी/ 5 जी मोबाइल डिवाइसेज़ की पूर्ण क्षमता का लाभ नहीं उठा सकते। इस ऑफर के साथ वे डेटा कोटा खत्म हो जाने पर भी अपने पसंदीदा कंटेंट का लुत्फ़ उठा सकेंगे। वी गारंटी कोटा के साथ वे बिना किसी अतिरिक्त लागत के डेटा का लाभ उठा सकेंगे।

### एरिस इंन्फ्रा सॉल्यूशंस लिमिटेड ने सेबी के पास दायर किया डीआरएचपी

**नईदिल्ली।** एरिस इंन्फ्रा सॉल्यूशंस लिमिटेड ("ASL"or"Company") ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("sebi") के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ("DRHP") दाखिल किया है। कंपनी एक बिजनेस-टू-बिजनेस ("BwB") प्रौद्योगिकी-सक्षम कंपनी है जो निर्माण सामग्री के लिए संपूर्ण खरीद प्रक्रिया को सरल और डिजिटल बनाने पर ध्यान केंद्रित करती है, जिससे एक कुशल एंड-टू-एंड खरीद अनुभव प्रदान किया जा सके। कंपनी 2 अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयर कैपिटल के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से 6,000 मिलियन [ 600 करोड़] तक की कुल धनराशि जुटाने की योजना बना रही है। ("Total Issue Size")। कुल निर्गम आकार में 6,000 मिलियन [ ? 600 करोड़] तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम ("Fresh Issue") शामिल है। कंपनी शुद्ध आय का उपयोग निम्नलिखित के लिए करने का प्रस्ताव करती है – (i) कंपनी द्वारा लिए गए कुछ बकाया उधारों का पूर्ण या आंशिक रूप से पुनर्भुगतान / पूर्व भुगतान, जिसकी अनुमानित राशि 2,046 मिलियन [ 204.60 करोड़] है।



# झूलन गोस्वामी ने कहा- फ्रेंचाइजी लीग महिला क्रिकेट का भविष्य, प्राथमिकता देनी होगी नहीं तो विस्तार संभव नही

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में महिला क्रिकेट के लिए वही करने की क्षमता है जो आईपीएल ने पुरुषों के खेल के लिए किया है। फ्रेंचाइजी लीग युवा खिलाड़ी को वो मंच देती है, जो शायद उस अपने करियर के शुरुआती दिनों में अन्य फॉर्मेट या मंच पर ना मिले। ना केवल आर्थिक रूप से फायदेमंद बनाना बल्कि फ्रेंचाइजी लीग एक युवा क्रिकेटर के लिए बूस्टर डोज का काम करती है। हालांकि, इसकी शर्त यही है कि आपको अपने हुनर और मौके को सही समय पर साबित करना होगा। फ्रेंचाइजी क्रिकेट ही महिला क्रिकेट का भविष्य है, ये मानना है पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी का, जो न केवल महिला क्रिकेट की दिग्गज गेंदबाज थीं, बल्कि भारतीय महिला क्रिकेट की पहचान और पिछले दो साल से मुंबई इंडियंस की मेन्टॉर और गेंदबाज़ी कोच भी हैं। अपने लंबे और शानदार करियर के बाद झूलन भारत के लिए नए सूरमा तैयार कर रही हैं, जो आगे चलकर भारतीय महिला क्रिकेट की शान बनेंगे। झूलन ने कहा कि अब समय आ गया है कि टी20 लीग को द्विपक्षीय सीरीज के ऊपर तरजीह दी जाए। गोस्वामी के नाम भारतीय महिला वनडे में सर्वाधिक विकेट का रिकॉर्ड है और वह पिछले दो साल से महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मुंबई इंडियंस की मेन्टॉर और गेंदबाजी कोच हैं। गोस्वामी अब महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग में भी ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के साथ बतौर कोचिंग स्टाफ जुड़ने वाली हैं। गोस्वामी ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो के पावरप्ले पॉडकास्ट में क्रिकेट कैलेंडर को लेकर कहा कि ये महिला क्रिकेट के लिए बड़ी चुनौती है। गोस्वामी ने कहा, पहले हम देखते थे कि ये चीजें पुरुष क्रिकेट में हुआ करती थी और तब सोचा भी नहीं था कि ऐसा कुछ महिला क्रिकेट में भी होगा। और अब जब ऐसा हो रहा है तो मैं खुश हूं। आईसीसी को भी इसका ध्यान रखना होगा, फ्रेंचाइजी क्रिकेट ही महिला क्रिकेट का भविष्य है और यही महिला क्रिकेट का वैश्विक तौर पर विस्तार करेगा। आपको सभी फ्रेंचाइजी लीग को प्राथमिकता देनी होगी नहीं तो फिर क्रिकेट का विस्तार संभव नहीं। आप देखिए पिछले कुछ सालों में फ्रेंचाइजी क्रिकेट की बदौलत कितनी बेहतरीन क्रिकेटर सामने आई हैं। फ्रेंचाइजी क्रिकेट ने हर साल बहुत सारे युवा खिलाड़ियों को तराशा है, इसलिए आपको उन विंडो को प्राथमिकता देनी होगी और उसके बाद फिर आपको द्विपक्षीय श्रृंखलाएं खेलनी होंगी।

# ओली पोप बने इंग्लैंड के कप्तान

**लंदन( एजेंसी )।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को द हंड्रेड के दौरान बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद बाकी गर्मियों के लिए बाहर कर दिया गया है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्टोक्स को रविवार को मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के खिलाफ द हंड्रेड में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के लिए खेलते समय चोट लग गई। जैसे ही वह लक्ष्य का पीछा करने के लिए तेजी से सिंगल लेने के लिए दौड़े, रन पूरा करने के बाद वह घायल हो गए और अपने बाएं पैर को पकड़कर गिर गए। मैदान के बाहर उनकी मदद की गई और बाद में वे बैसाखी के सहारे टीम डगआउट में लौट आए। ईसीबी ने एक बयान में कहा, मंगलवार को लीड्स में किए गए स्कैन के परिणामस्वरूप, स्टोक्स इंग्लैंड की



श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की रोथसे टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे, जो बुधवार, 21 अगस्त को एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होगी। इस श्रृंखला के लिए टीम में कोई शामिल नहीं किया जाएगा। स्टोक्स की अनुपस्थिति में, ओली पोप श्रीलंका के खिलाफ आगामी श्रृंखला में इंग्लैंड की कप्तानी करेंगे। ऑलराउंडर का लक्ष्य इंग्लैंड के पाकिस्तान के शीतकालीन टेस्ट दौरे पर वापसी करना है, जो अक्टूबर की शुरुआत में शुरू होने वाला है। इस दौरे में मुल्तान, कराची और रावलपिंडी में तीन टेस्ट मैच शामिल हैं। बाएं घुटने की चोट की सर्जरी से उबरने के बाद, जिससे उनकी गेंदबाजी में बाधा उत्पन्न हुई थी, ऐसा लग रहा था कि वह इस गर्मी में पूरी तरह फिट हो जाएंगे। स्टोक्स ने अपनी रिकवरी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग और टी20 विश्व कप को छोड़ने का फैसला किया और फिर तीन टेस्ट मैचों में 34.20 की औसत से पांच विकेट लेकर इंग्लैंड को वेस्टइंडीज पर 3-0 से श्रृंखला जीत दिलाई। हालाँकि, द हंड्रेड के दौरान, उन्होंने नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के लिए तीन मैच खेले, जिसमें केवल चार रन बनाए और कोई विकेट नहीं लिया।

# हॉकी इंडिया ने पीआर श्रीजेश की 16 नंबर की जर्सी को रिटायर किया

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** हॉकी इंडिया ने महान गोलकीपर पी.आर. श्रीजेश द्वारा पहनी गई 16 नंबर की जर्सी को रिटायर करने की घोषणा की है। यह निर्णय हाल ही में संपन्न पेरिस खेलों में भारत को लगातार दूसरा ओलंपिक कांस्य पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले श्रीजेश की सेवानिवृत्ति के बाद लिया गया है। श्रीजेश के सम्मान में आयोजित एक समारोह के दौरान हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने श्रीजेश की जर्सी को रिटायर करने की घोषणा की। 36 वर्षीय श्रीजेश को जूनियर राष्ट्रीय टीम का कोच नियुक्त किया गया है, जहां वह भारतीय गोलकीपरों की अगली पीढ़ी को तैयार करने की जिम्मेदारी संभालेंगे। सिंह ने संवाददाताओं से कहा, 16 नंबर की जर्सी जूनियर टीम में रहेगी और श्रीजेश अगले श्रीजेश को तैयार करेंगे जो वह यह जर्सी पहनेगा। पेरिस 2024 ओलंपिक में भारतीय टीम ने कई बार शानदार हॉकी खेली; ऐसा प्रदर्शन जिसने उन्हें ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से



हराने में मदद की, ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ एक सदस्य कम होने के बावजूद उन्होंने 40 मिनट से अधिक समय तक बचाव किया और पेनल्टी शूटआउट के लिए मजबूर किया और श्रीजेश की वीरता से 4-2 से जीत हासिल की। हॉकी इंडिया ने बुधवार को श्रीजेश को सम्मानित करने के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया था।

### पीसी ज्वेलर्स लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2025 की प्रथम तिमाही में की वापसी, 154 करोड़ का शुद्ध लाभ घोषित किया

**नईदिल्ली।** पीसी ज्वेलर्स भारत की प्रमुख और सबसे तेज बढ़ने वाली ज्वेलरी रिटेल चैन में से एक है, जिसने वित्तीय वर्ष 2025 की प्रथम तिमाही में शानदार वापसी की है। कंपनी ने ग्राहकों का भरोसा जीतना दोबारा शुरू कर दिया है, जिससे इसके मुनाफे में भी अत्यधिक बढ़ोत्तरी हुई है। कंपनी ने 30 जून 2024 को समाप्त हुई तिमाही की एक रिपोर्ट साझा की है जिसके मुताबिक कंपनी की आय 410 करोड़ रुपए है जिसे सालाना आधार पर देखा जाये तो 499 प्रतिशत की वृद्धि है। साथ ही प्रॉफिट बिफोर टैक्स (पीबीटी) 84.64 करोड़ रुपए के रूप में रिपोर्ट किया है और 49 करोड़ रुपए (वित्तीय वर्ष 2025 की प्रथम तिमाही) ऑपरेटिंग प्रॉफिट दर्ज किया है। 178.14 करोड़ रुपए (वित्तीय वर्ष 2024 की प्रथम तिमाही) के नुकसान से 154.62 करोड़ रुपए (वित्तीय वर्ष 2025 की प्रथम तिमाही) के लाभ में बदलते हुए शुद्ध लाभ ने भी एक शानदार मोड़ लिया है, इसके साथ ही प्रति शेयर ईपीएस 3.35 रूपए है। कंपनी ने 14 बैंकों के कंसोर्टियम को समझौता प्रस्ताव (ह्लङ्क्स) जमा किया था। कंसोर्टियम ने अपने-अपने आंतरिक अधिकारियों से स्वीकृति मिलने के अधीन ओटीएस प्रस्ताव को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी थी। एक सकारात्मक विकास में, आज की तारीख तक, कंसोर्टियम के 14 में से 12 बैंकों के आंतरिक अधिकारियों ने कंपनी के ओटीएस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है और शेष 2 कंसोर्टियम बैंकों के सक्षम अधिकारियों द्वारा इसकी सक्रिय रूप से समीक्षा की जा रही है। कंपनी को विश्वास है कि उसे चालू महीने में ही इनकी स्वीकृति मिल जाएगी। स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ने कंपनी के खिलाफ कॉर्पोरेट इन्सॉल्वेंसी रिजोल्यूशन प्रोसेस (ष्टद्बक्रक्क) के तहत माननीय एनसीएलटी, दिल्ली में दायर अपनी याचिका को वापस लेने के लिए आवेदन भी दायर किया था लेकिन इस याचिका को 30 अप्रैल 2024 को माननीय एनसीएलटी, दिल्ली द्वारा ख़ारिज कर दिया गया।

### मेटलमैन ऑटो लिमिटेड ने सेबी के समक्ष दाखिल किया ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी)

**नईदिल्ली।** मेटलमैन ऑटो लिमिटेड (मेटलमैन या कंपनी) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी ऑटोमोटिव और गैर-ऑटोमोटिव क्षेत्रों में मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के लिए शीट मेटल, ट्यूबलर फैब्रिकेशन, मेटल फिनिशिंग और घटकों की असेंबली के लिए वन स्टॉप शॉप है।

### एनएमडीसी स्टील ने 1 मिलियन टन लिक्विड स्टील उत्पादन के साथ बड़ी सफलता हासिल की

**नई दिल्ली :** एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) ने परिचालन शुरू करने के सिर्फ एक वर्ष के अंदर 1 मिलियन टन तरल इस्पात उत्पादन की घोषणा की है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से वैश्विक इस्पात उद्योग में उसकी और ज्यादा मजबूत हो गई है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि इस्पात क्षेत्र में एनएसएल की तेजी से बढ़ती प्रगति को दर्शाती है और यह नवाचार, दक्षता और उत्कृष्टता के प्रति कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता का हिस्सा है। भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात निर्माण में नवीनतम प्रवेशकर्ता के रूप में, एनएसएल ने उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात उत्पाद देने की अपनी क्षमता का तेजी से प्रदर्शन किया है और उद्योग में नए मानक स्थापित करके खुद को एक मजबूत कंपनी के रूप में स्थापित किया है। शानदार प्रगति का एक वर्ष एनएमडीसी स्टील ने 12 अगस्त, 2023 को छत्तीसगढ़ के नागरनार में अपने 3एमटीपीए यानी 30 लाख टन सालाना क्षमता वाले इस्पात संयंत्र में ब्लास्ट फर्नेस का पहला ब्लो-इन किया। तब से इस संयंत्र ने तेजी से प्रगति की है और 21 जुलाई, 2024 तक हॉट मेटल का 15 लाख टन उत्पादन दर्ज किया। कंपनी ने महज 226 दिन में 10 लाख टन हॉट मेटल उत्पादन का शानदार रिकॉर्ड बनाया है। इस गति को आगे बढ़ाते हुए, 11 अगस्त 2024 तक, संचालन के केवल एक वर्ष के भीतर, संयंत्र ने सफलतापूर्वक 10 लाख टन तरल इस्पात का उत्पादन किया।

### बादाम से मिलने वाली सेहत और अच्छाइयों के साथ भाई-बहन के रिश्ते का उत्सव मनायें

**नईदिल्ली।** रक्षाबंधन से त्योहारों की शुरुआत होती है। यह भाई-बहन के प्यार का त्योहार है। इस दिन बहनें अपने भाई को राखी बांधती हैं और भाई की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हैं। बदले में, भाई अपनी बहन की रक्षा करने का वादा करता है। हम इस त्योहार को और खास बनाने के लिए कुछ अच्छा काम भी कर सकते हैं। जैसे कि, हम रोजाना बादाम खा सकते हैं क्योंकि बादाम सेहत के लिए बहुत अच्छे होते हैं। त्यौहार और जश्न के दौरान ढेर सारे मीठे पकवान और अस्वास्थ्यकर स्नैक्स खाना आम होता है, इन्हें खाते वक्त हमें यह भी ध्यान नहीं रहता कि ये हमारी सेहत को कितना प्रभावित कर सकते हैं। शक्कर और तेल वाली चीजें ज्यादा खा लेने से सेहत बिगड़ सकती है, जैसे कि डायबिटीज, मोटापा और कार्डियोवैस्कुलर जैसी गंभीर समस्यायें हो सकती हैं। ऐसे में खाने की सही चीजों को चुनना महत्वपूर्ण हो जाता है। इसलिये, जब आप त्यौहार की खुशी मनाने और अपने परिवार के लिये खास पकवान बनाने की तैयारी करें, तब उनमें बादाम जैसी सेहतमंद चीजों को शामिल करना भी सुनिश्चित करें।

**कार्यालय कलेक्टर जिला दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा**
**(जिला निर्माण समिति)**
**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना**

निविदा विज्ञप्ति क्र. 04/जि.नि.स./24-25 — दन्तेवाड़ा, दिनांक 03.08.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | विकासखण्ड दन्तेवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत रु. 20.00 लाख से कम लागत के भवन/ मंच/ बाऊण्ड्रीवाल का निर्माण कार्यों का सम्पादन करना (विद्युतीकरण छोड़कर) (वर्ष 2024-25 हेतु) | प्रत्येक विकासखण्ड हेतु राशि रु. 120.00 लाख |
| 2. | विकासखण्ड दन्तेवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत रु. 20.00 लाख से कम लागत के सड़क/ पुलिया का निर्माण कार्यों का सम्पादन करना. (वर्ष 2024-25 हेतु) | |
| 3. | विकासखण्ड गीदम के अन्तर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत रु. 20.00 लाख से कम लागत के भवन/ मंच/ बाऊण्ड्रीवाल का निर्माण कार्यों का सम्पादन करना (विद्युतीकरण छोड़कर) (वर्ष 2024-25 हेतु) | |
| 4. | विकासखण्ड गीदम के अन्तर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत रु. 20.00 लाख से कम लागत के सड़क/ पुलिया का निर्माण कार्यों का सम्पादन करना. (वर्ष 2024-25 हेतु) | |
| 5. | विकासखण्ड कुआकोण्डा के अन्तर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत रु. 20.00 लाख से कम लागत के भवन/ मंच/ बाऊण्ड्रीवाल का निर्माण कार्यों का सम्पादन करना (विद्युतीकरण छोड़कर) (वर्ष 2024-25 हेतु) | |
| 6. | विकासखण्ड कुआकोण्डा के अन्तर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत रु. 20.00 लाख से कम लागत के सड़क/ पुलिया का निर्माण कार्यों का सम्पादन करना. (वर्ष 2024-25 हेतु) | |
| 7. | विकासखण्ड कटेकल्याण के अन्तर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत रु. 20.00 लाख से कम लागत के भवन/ मंच/ बाऊंड्रीवाल का निर्माण कार्यों का सम्पादन करना (विद्युतीकरण छोड़कर) (वर्ष 2024-25 हेतु) | |
| 8. | विकासखण्ड कटेकल्याण के अन्तर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत रु. 20.00 लाख से कम लागत के सड़क/ पुलिया का निर्माण कार्यों का सम्पादन करना. (वर्ष 2024-25 हेतु) | |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है.
3. प्रत्येक कार्य हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 04.09.2024 है.

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

अपर कलेक्टर/नोडल अधिकारी
(जिला निर्माण समिति)
जिला दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा

G-242501841/3

## राज्यपाल रमेन डेका को ब्रम्हकुमारी बहनों ने बांधी राखी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज यहां राजभवन मे प्रजापति ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रायपुर की बहनों ने सौजन्य मुलाकात की और राज्यपाल श्री डेका को राखी बांधी। इस अवसर पर सुश्री बी.के रश्मि, सुश्री बी.के. वनिषा, श्री हरेन्द्र नायक एवं श्री मनीष डूडवानी उपस्थित थे।

## श्री शंकरा सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, बीरगांव में 78वां स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री शंकरा सीनियर सेकेण्डरी स्कूल उरकुरा, बिरगांव रायपुर (छ. ग.) में 78 वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।




स्वतंत्रता दिवस की शुरुआत नायर समाजम के अध्यक्ष एडवोकेट बी. गोपाकुमार, उपाध्यक्ष राजेन्द्र पिल्लई, सचिव, शैलेश नायर, उप कोषाध्यक्ष मनमोहन पिल्लई तथा संस्था के प्राचार्या ऋचा साव, उपपाचार्या श्वेता मेहता एवं समस्त शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में झण्डोत्तोलन के कार्यक्रम को सम्पन्न किया गया। तत्पश्चात् स्वंतत्रता दिवस के रंगारंग कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ भारती के सम्मुख दीप प्रज्वालित कर किया गया। संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट बी. गोपा कुमार ने इस अवसर पर उन शहीदों को स्मरण किया जिन्होंने भारत देश की रक्षा करते हुए अपनी कुर्बानी दी। उसके बाद संस्था के प्राचार्या ऋचा साव ने स्वतंत्रता दिवस के महत्ता को बताते हुए छात्र छात्राओं को संबोधित किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं के द्वारा गीत, कविता एवं भाषण आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अक्सर पर विज्ञान एवं कला विभाग के द्वारा विज्ञान एवं कला प्रदर्शनीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शाला के समस्त छात्र छात्राओं ने अपनी कुशलता का प्रदर्शन किया। जिसे देखकर अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस प्रकार कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# एनटीपीसी नवा रायपुर में 78वें स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति के साथ मनाया गया

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** एनटीपीसी नवा रायपुर ने 15 अगस्त, 2024 को देशभक्ति के साथ 78वें स्वतंत्रता दिवस मनाया। अपने कार्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में, मुख्य अतिथि श्री पी के मिश्रा, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (डब्ल्यूआर-।।, यूएसएससी और ऐश एनआई), एनटीपीसी ने तिरंगा फहराया।

सभा को संबोधित करते हुए, श्री मिश्रा ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व और देश के विकास में एनटीपीसी के योगदान पर बात की। उन्होंने एनटीपीसी के अक्षय ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करने और आगे के अवसरों और चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने प्लांट के प्रदर्शन, परियोजना निष्पादन, वाणिज्यिक क्षेत्र में उपलब्धि, नई पहल और पुरस्कार और मान्यता प्राप्त करने में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पश्चिमी क्षेत्र ॥ स्टेशनों की भी सराहना की।

इसके अलावा, मुख्य अतिथि ने यूएसएससी (एकीकृत साझा सेवा केंद्र), प्रचालन सेवाएं, वाणिज्यिक, स्टेशन इंजीनियरिंग, सुरक्षा, ऐश




नई पहल आदि क्षेत्रों में उपलब्धियों पर बात की। उन्होंने आगे कहा कि पश्चिमी क्षेत्र ॥ के पावर स्टेशन



अगले वित्तीय वर्ष तक नेट जीरो टाउनशिप के अनुपालन के लिए ठोस प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस उ?द्देश्य के लिए, पावर स्टेशन पानी, ऊर्जा और अपशिष्ट प्रबंधन के अलावा प्लास्टिक मुक्त और स्क्रैप मुक्त पर अपना सर्वोतम प्रयास कर रहे हैं। समारोह का मुख्य आकर्षण देशभक्ति थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम था जो अर्पिता महिला समिति के सहयोग से आयोजित किया गया था जिसमें कर्मचारियों और बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर 24 कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहनीय पुरस्कारों के साथ-साथ तीन कर्मचारियों को स्वास्थ्य चैंपियन पुरस्कार-2024 का वितरण भी किया गया।

समारोह का एक अन्य विशेष आकर्षण प्रदर्शनी थी जिसमें एनटीपीसी पश्चिमी क्षेत्र ॥ की 05 परियोजनाओं (कोरबा, सीपत, लारा, खरगोन और गाडरवारा) ने अपने सीएसआर प्रवर्तित और पर्यावरण अनुकूल उत्पादों का प्रदर्शन किया, जो सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने स्टालों का निरीक्षण किया और उनके प्रयासों की सराहना की तथा उन्हें इन सभी उत्पादों की विपणन क्षमता तलाशने की सलाह दी।

बाद में मुख्य अतिथि ने कार्यालय परिसर में मैत्रीपूर्ण फुटबॉल और वॉलीबॉल मैचों का उ?द्घाटन किया तथा कार्य-जीवन संतुलन के महत्व को रेखांकित किया।

कार्यक्रम में श्री यू एच गोखे, कार्यकारी निदेशक-यूएसएससी; श्री एसके घोष, कार्यकारी निदेशक प्रचालन सेवाएं; अर्पिता महिला समिति के पदाधिकारी और सदस्य: मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक, कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## शंकर नगर वार्ड 30 में प्रभात फेरी के साथ साथ विभिन्न स्थानों में हुआ ध्वजा रोहण, बूथ अध्यक्षो को किया सम्मानित



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पार्षद सुमन राम प्रजापति ने बताया कि शंकर नगर वार्ड में विभिन्न स्थानों में ध्वजा रोहण हुआ,साथ ही साथ प्रजापति समाज के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी। ध्वजारोहण कार्यक्रम विभिन्न स्थानों में हुए जिसमें मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा जी, भाजपा प्रदेश महामंत्री सजंय श्रीवास्तव जी,भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सचिदानन्द उपासने जी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजीव अग्रवाल जी,प्रदेश प्रवक्ता अमरजीत सिंह छाबड़ा जी,जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्री परगनिहा जी, अल्प संख्यक मोर्चा महामंत्री इंजी. मखमूर खान जी,जिला कार्य समिति सदस्य टिकेंद्र वर्मा जी,अमित डोये जी,आलोक शर्मा जी,डॉ. संगीता नागराज जी, डॉ. सोनाली परेतकर जी,डॉ. भूमिका गिजरे जी, डॉ. इतिश्री वर्मा जी,विजय अरावलिया जी, हरिकिशन नोखवाल जी, पुरुषोत्तम प्रजापति जी,बाबूलाल सरसवा जी,प्रेम चंद लुनावत जी,सुनील परेतकर जी,सुनील शर्मा जी, रूपक इजारदार जी,त्रिलोक सिंह सलूजा जी,दीपक दसोरे जी, धनेश प्रजापति जी,राकेश नैय्यर जी,सावित्री सिंघ जी,गीता चौरसिया जी,गौरी गजेंद्र जी,मंजूषा अग्रवाल जी,सुनीता वंजारी जी,अभिनंदन राय जी,लोकेश जैन जी,संजय गिजरे जी,सुनीता वंजारी जी,दिलीप दोशी जी,सुधीर जैन जी,अनूप वर्मा जी, विक्रांत राठौड़ जी, सुनील भोजवानी जी, रेखा सोनी जी, चयन राठौड़ जी,राम तांडी जी,विशाल बाघ जी,महेन्द्र धनकर जी,भारती दत्ता जी,हरीश सिंघनिया जी,चेतन जोशी जी, श्रवण मिश्रा जी, वीरमणि चौबे जी, देवेंद्र चावला जी, आसिष असाटी जी, उज्ज्वल यादव जी,नितिन श्रीवास्तव जी, सम्भू लौवंशी जी,आशु अग्रवाल जी, ममता जोशी जी, सुषमा वन्दे जी, सुनीता नागवंशी जी, सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्तिथ हुए।

## एनएमडीसी बचेली ने राष्ट्रीय पर्व 'स्वतंत्रता दिवस' का आयोजन हर्षोल्लासपूर्वक किया

**बचेली ( विश्व परिवार )।** एनएमडीसी, बचेली ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 15.08.2024 को डी ए वी स्कूल के प्रांगण में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूम-धाम से मनाया। जिसके मुख्य अतिथि श्री बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक, एनएमडीसी बचेली थे। उनके अतिरिक्त श्री रबिंद्र नारायण, परियोजना प्रमुख (वर्क्स), श्री पी रामय्यन, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), श्री सौरभ कुमार, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) एवं बीआईओएम, बचेली कॉम्प्लेक्स के विभिन्न विभागाध्यक्षगण तथा श्रमिक संघों के पदाधिकारीगण इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।




कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई अपने उद्बोधन में दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख श्री बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता के महत्व को रेखांकित करते हुए वीर बलिदानियों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने एनएमडीसी बचेली की श्रेष्ठ उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला।

## स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रायपुर में मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया

**78वें स्वतंत्रता दिवस पर मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने संबोधित किया**

स्वतंत्रता दिवस पर मंडल रेल प्रबंधक एवं अध्यक्षा सेक्रो श्रीमती मेघा एस. कुमार ने अनेकता में एकता का प्रतीक रंग-बिरंगे तिरंगें गुब्बारे आकाश में छोड़े



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पूरे राष्ट्र के साथ 78वां स्वतंत्रता दिवस, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के विभिन्न स्थानों पर स्थित कार्यालयों में पारंपरिक रूप से एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। मंडल का मुख्य कार्यक्रम रायपुर रेल मंडल कार्यालय के प्रांगण में आयोजित गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार, विशिष्ट अतिथि अध्यक्षा सेक्रो श्रीमती मेघा एस. कुमार की गरिमामयी उपस्थिति मे मनाया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, श्री रमण कुमार की अगुवाई में परेड़ की सलामी ली। मंडल कार्मिक अधिकारी(प्रभारी) श्री राहुल गर्ग द्वारा स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम तैयार किया गया। अतिथियों के स्वागत से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया तथा मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार द्वारा 9.00 बजे राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रगान की सुमधुर धुन के साथ फहराया गया। इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल, सिविल डिफेंस, स्काउट गाइड के सदस्यों द्वारा मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया तथा मंडल रेल प्रबंधक द्वारा रेल परिवार को संबोधित किया गया। स्वतंत्रता सेनानियो को स्मरण करते हुए सभी कर्मचारियों, यात्रियों, संगठनों, सेक्रो को मंडल रेल प्रबंधक ने बधाई दी उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह ऐतिहासिक एवं गौरवशाली दिन है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर की महाप्रबंधक महोदया का संदेश दिया कि रेल कर्मियों की मेहनत एवं प्रयास के कारण रेलवे ने निरंतर इंफ्रास्ट्रक्चर में बढ़ोतरी एवं यात्री सुविधाओं का विकास किया है यात्रियों के लिए लिफ्ट, एस्केलेटर फुटओवर ब्रिज, की सुविधाओं सहित रायपुर एवं दुर्ग स्टेशनों का भी रीडेवलपमेंट एवं स्टेशनों का अपग्रेडेशन चल रहा है।

## छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक कॉरपोरेट कार्यालय नया रायपुर में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक कॉरपोरेट कार्यालय नया रायपुर में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष श्री विनोद अरोड़ा द्वारा सर्वप्रथम झंडा वंदन कर ध्वजारोहण किया गया जिसके बाद अपने व्याख्यान में अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वतंत्रता एवं मर्यादा के मध्य अंतर एवं जीवन में स्वतंत्रता का महत्व समझाया गया। इस मौके पर बैंक के वरिष्ठ अधिकारी महाप्रबंधक श्री विजय अग्रवाल, श्री विजय वसंत रायकवाड सहित सहायक महाप्रबंधक श्री अमरजीत सिंह खनूजा तथा कमलेश कुंदन एवं अन्य सेवायुक्त उपस्थित रहे।

## एएम/एनएस इंडिया के सहयोग से कोडेनार में स्वतंत्रता दिवस समारोह और कुआकोंडा में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया

**हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस**

**किरंदुल ( विश्व परिवार )।** एएम/एनएस इंडिया किरंदुल के सहयोग से कोडेनार के विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी देशभक्ति का प्रदर्शन किया।



इसके साथ ही एएम/एनएस इंडिया किरंदुल के सहयोग द्वारा शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल कुआकोंडा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मेधावी छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान एएम/एनएस इंडिया किरंदुल की सीएसआर टीम, कोडेनार और कुआकोंडा स्कूल के प्रिंसिपल्स, शिक्षक, एवं अभिभावकों सहित समस्त विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। एएम/एनएस इंडिया कम्पनी छात्रों को प्रेरित करने और समाज में अपना योगदान देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कम्पनी द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों का मनोबल बढ़ाना है। जिससे वे ना केवल अपने देश और समाज के प्रति बल्कि अपने कर्तव्यों के प्रति भी अधिक जागरूक हो सके।

## छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने निकली गौ सत्याग्रह यात्रा




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ में धान की फसल बरसात के सीजन में ही एगाई जाती है। ऐसे में मवेशियों के खुले में घूमने से किसानों को परेशानी होती है। मवेशी खेतों में घुसकर धान की फसल को चर जाते हैं। किसानों की इसी समस्या को लेकर 16 अगस्त को कांग्रेस पार्टी ने प्रदेशभर में गौ सत्याग्रह करने का ऐलान किया था। अपने इसी ऐलान को पूरा करते हुए कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में गोसत्याग्रह किया। कांग्रेसी सड़कों पर घूम रहे मवेशियों को पकड़कर अफसरों के दफ्तर ले जाने की कोशिश करते दिखे।

राजधानी रायपुर में तेज बारिश के बीच कांग्रेस का गौ सत्याग्रह शुरू हुआ। कांग्रेस भवन से रैली की शक्ल में कांग्रेसी निकले। क्कष्टष्ट चीफ दीपक बैज के नेतृत्व में कांग्रेसी अवारा मवेशियों को लेकर साथ चल रहे थे। इस दौरान वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा, अमितेश शुक्ल भी मौजूद रहे। कांग्रेसियों का कहना था कि, वे कलेक्टोरेट में जाकर मवेशियों को बांधेंगे। लेकिन इस कांग्रेसियों को आकाशवाणी चौक पर ही पुलिस ने रोकने की तैयारी कर रखी थी।

आकाशवाणी चौक के पास जैसे ही पुलिस ने कांग्रेसियों को रोकने की कोशिश की, उनकी पुलिस के साथ जमकर झूमा- झटकी शुरू हो गई। जानकारी के अनुसार क्कष्टष्ट चीफ दीपक बैज भी बेरिकेड तोड़ने पहुंच गए। हालांकि थोड़ी देर झूमा झटकी के बाद कांग्रेस का प्रदर्शन यहीं खत्म हो गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने यहां आगे भी गौवंश की रक्षा के लिए आंदोलन जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि, पूरे प्रदेश में गौवंश की लगातार मौत हो रही है, गौठानों के बंद होने से अवारा मवेशियों की समस्या बढ़ी है। सरकार को जगाने कलेक्टोरेट में हम मवेशियों को बांधने जा रहे थे। पूरे प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ता आज प्रदर्शन कर रहे हैं, सरकार से मांग है कि गौठानों को फिर शुरू किया जाए।

## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में चेयरमेन पी. दयानंद ने किया ध्वजारोहण

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मुख्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री पी. दयानंद (आई.ए.एस.) ने विद्युत सेवा प्रांगण में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्युत कर्मियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए पॉवर कंपनीज की उपलब्धियां की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारी पॉवर जनरेशन कंपनी ने विगत वर्ष 84.4 प्रतिशत पीएलएफ. तथा 21 हजार मिलियन से अधिक विद्युत उत्पादन का कीर्तिमान रचा है। यह गौरव राज्य को तथा हमारे कंपनी को पहली बार हासिल हुआ है। बिजली घरों में सबसे कम ऑइल और ऑक्जलरी खपत के नये कीर्तिमान बनाया गया है। बिजली उत्पादन के नये प्रयासों की जानकारी विस्तार से दी।



पारेषण क्षमता की विस्तार और मजबूती के लिए विद्युत कर्मियों युद्ध स्तर पर तेजी से काम कर रहे है। वतर्मान में 3 हजार 6 सौ मेगावाट पारेषण की क्षमता अर्जित की गई है। पारेषण कंपनी द्वारा विगत 7 माह के अल्प समय में अति उच्चदाब के 2 उपकेन्द्र, 12 नये ट्रांसफॉमर के ऊर्जीकरण का कार्य सम्पन्न हुआ। 203 सर्किट किलोमीटर पारेषण लाइन बिछाई गई। विगत 7 माह में उच्चदाब के 176 तथा निम्नदाब के 1 लाख 1 हजार 4 सौ उपभोक्ता की बढ़ोत्तरी हुई है। इसी तरह डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में सात माह के भीतर 33/11 केवी. क्षमता के 98 उपकेन्द्र तथा 45 उपकेन्द्रों में क्षमता वृद्धि, 47 अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाये गये हैं।

इसी तरह मानव संसाधन विभाग द्वारा कैशलेस हेल्थ स्कीम को बेहतर बनाते हुए अब 5 सौ अस्पताल को सूचीबद्ध किया गया है। प्रदेश से बाहर सीजीएचएस. दर से इलाज की सुविधा दी जाएगी। अन्य नई सुविधा में जैसे- रोबोटिक और आधुनिक चिकित्सा, दंत चिकित्सा, प्रीवेंटिव कॉमन नि:शुल्क ऑनलाईन परामर्श दी जाएगी और महिलाओं कर्मियों के लिए अपने सास-ससुर अथवा माता-पिता दोनों में से किसी एक को चयनित करने का विकल्प दिया जाएगा। उन्होंने कंपनीज के कर्मियों की प्रशंसा करते हुए बधाई दी।

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता
ONLYTDS.COM
ITR GST
G.S.T. रिटर्न
Food Licence
इन्कम TAX फाईल
M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड
प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस
डिजिटल सिग्नेचर
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
9300755544, 8878655544

मुंह का ना खुलना
पान, तंबाकू सेवन के कारण मुंह का ना खुलना एक्सीडेंट में चोट या अन्य कारणों से मुंह का ना खुलना



कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कांस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

सिराज इलेक्ट्रिकल्स
इलेक्ट्रिक कार्य के लिए अनुभवी लड़कों की
तत्काल आवश्यकता है
पता- : कचना, विधानसभा रोड, रायपुर
MO. : 7081177718, 9301248947

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354